19 feb satyajay times c:29-dummy-1 2/18/2026 10:41 PM Page 1

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित एनसीआर (इंडिया) का हिन्दी दैनिक

मो.9643311765

सत्यजय टाईम्स

SJT

हिन्दी दैनिक

वर्ष-15 अंक-49 वीरवार 19 फरवरी, 2026, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद (एनसीआर) से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

एक नजर

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का एसडीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

रोहतक, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। कार्पेट कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने की एवज में 1.25 लाख रुपये रिश्वत लेते प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ झज्जर निवासी मंजीत सिंह को विजिलेंस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी को वीरवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। डीएसपी सोमवीर देशवाल ने बताया कि गांधरा स्थित जॉयसी कार्पेट कंपनी के मालिक ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी थी। वे दिल्ली के रहने वाले हैं और उन्हें झज्जर जिले में संचालित फैक्टरी के लिए एनओसी चाहिए थी। एनओसी देने की एवज में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का एसडीओ मंजीत सिंह 1.50 लाख रुपये रिश्वत मांग रहा है।

एक्यूआई कम होने से ग्रेप-2 के प्रतिबंध हटे

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। दिल्ली में तेज हवाओं और बूंदाबांदी से प्रदूषण में थोड़ी कमी आई है। ऐसे में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें मंगलवार की तुलना में 35 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 264 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 232, ग्रेटर नोएडा में 247 और गाजियाबाद में 246 एक्यूआई दर्ज किया गया। हवा की सेहत सुधरने से ग्रेप-2 के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 166 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली।

एआई समिट में भारत ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- मिले 2.5 लाख से अधिक एआई जिम्मेदारी संकल्प।
- यही वह दिशा है जिसमें देश को आगे बढ़ना चाहिए : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि भारत ने "24 घंटे में एआई जिम्मेदारी अभियान के लिए सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने" का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत ने 16झ17 फरवरी 2026 के 24 घंटे की अवधि में कुल 2,50,946 वैध संकल्प प्राप्त कर यह खिताब अपने नाम किया।

आईटी मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि यह देशव्यापी 'एआई रिस्पॉन्सिबिलिटी प्लेज (एआई जिम्मेदारी संकल्प)' अभियान 16 फरवरी को इंडिया एआई मिशन के तहत इंटेल इंडिया के सहयोग से शुरू किया गया था, जिसके तहत नागरिकों को एआईप्लेज.इंडियाएआई.गव.इन पोर्टल के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक, समावेशी और जिम्मेदार उपयोग का संकल्प लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस उपलब्धि की घोषणा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान की गई, जहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ने आधिकारिक रूप से इस रिकॉर्ड की पुष्टि की। इस पहल के तहत प्रतिभागियों को डेटा गोपनीयता, जवाबदेही, पारदर्शिता और गलत सूचना से निपटने जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया। संकल्प पूरा करने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल बैज और एआई लर्निंग पाथवे तक पहुंच प्रदान की गई।

वैष्णव ने कहा, "यही वह दिशा है जिसमें देश को आगे बढ़ना चाहिए - एक ऐसे भविष्य की ओर जहां एआई को जिम्मेदारी के साथ अपनाया जाए।" उन्होंने युवाओं को एआई के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह प्रेरणा दी कि एआई का उपयोग समाज के हित में किया जाए, ...

शेष पेज 4 पर...

नायब सिंह सैनी ने उचाना हल्के में खोला घोषणाओं का पिटारा

उचाना में नई अतिरिक्त अनाज मंडी और मार्केट कमेटी भवन बनेगा : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क और सिंचाई सहित मूलभूत सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कई अहम घोषणाएं की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा उचाना में नई अतिरिक्त अनाज मंडी और मार्केट कमेटी के भवन का निर्माण करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को उचाना में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उचाना विधानसभा के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये, इसके अतिरिक्त उचाना शहर की ब्राह्मण धर्मशाला, पिछड़ा समाज की धर्मशाला तथा अग्रवाल समाज की धर्मशाला के लिए स्वेच्छिक कोटे से 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि गांव थुआ के मोगा नंबर 3600 एल बधाना माइनर के खाल को 75 लाख रुपये की लागत से पक्का किया जाएगा। साथ ही उचाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वाटर कोर्स की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन तथा छह जल मार्गों की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन कराई जाएगी। इस कार्य पर 3 करोड़ 72 लाख रुपये का खर्चा आएगा।

उन्होंने कहा कि घोघड़ियां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उचाना खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनवाया जाएगा। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करसिंधु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इन विकास कार्यों पर लगभग 20 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि सिंचाई विभाग की गांव बरसोला सब माइनर आरडी 19000 से 36500 तक का पुनर्वास किया जाएगा। उचाना विधानसभा में पंचायती राज विभाग के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा दिये गए भवनों में ई-लाइब्रेरी तथा जिम हॉल खोले जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के दायरे में आने वाले कहसुन-बड़ौदा से लेकर बाबा नागदेव मंदिर तक की सड़क को 18 फुट चौड़ा किया जाएगा। इसी प्रकार गांव सफा खेड़ी, तारखा,सुदकैन खुर्द तथा थुआ में आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांव कहसुन में जल घर का नवीनीकरण, बुस्टिंग स्टेशन ,वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व गलियों में नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इन विकास कार्यों पर 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने 9 करोड़ रुपये की लागत से उचाना शहर की पुरानी व अधूरी सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने गांव पेगा में जल निकासी ...

शेष पेज 4 पर...

संजय गुप्ता (M) : 9899698850
संजय बैटरी वाला
हमार यहाँ पर सभी गाड़ियों की बैटरी मिलती है।
ROZ SOLAR JUMBO POWER BATTERY
LUMINOUS Jis Pe Desh Kare Bharosa
POWERZONE
HUSKY Different Concept - Latest Technology
शॉप नं०-D-875, 100 फुट रोड़, श्री देवगुरु बृहस्पति देव चौक, श्याम कालोनी, बल्लबगढ़ -121004, फरीदाबाद (हरियाणा)
Customer Care No. : 7042939131

विधानसभा परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ की नारेबाजी

शिमला, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बुधवार को बजट सत्र के पहले चरण के तीसरे व आखिरी दिन सदन के अंदर व बाहर जमकर हंगामा बरपा। शाम को हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 18 मार्च 11 बजे तक स्थगित होने के बाद विधानसभा परिसर में सत्तापक्ष व विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ हिमाचल को बेचने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक आरडीजी बंद करने और भाजपा विधायकों की ओर से इस पर समर्थन न मिलने पर नारे लगाते रहे। विधानसभा परिसर दोनों

दलों के नारों से गूंजता रहा।

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की ओर से लाए गए आरडीजी बहाली के लिए नियम 102 के तहत चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार और वर्तमान सरकार को मिली केंद्रीय मदद के आंकड़े पेश किए तो विपक्ष भड़क गया। विपक्ष ने सदन में खूब हंगामा किया और वेल में चला गया। करीब 45 मिनट तक भाजपा विधायक वेल में रहे और जमीन पर बैठे रहे। इसी दौरान प्रस्ताव पारित हो गया। वहीं बुधवार शाम बजट सत्र की पहले चरण की तीसरी व आखिरी बैठक में चर्चा के समापन के दौरान मुख्यमंत्री ने आरडीजी बंद करने पर अपना जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष...

शेष पेज 4 पर...

सीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों का जाना हाल

देहरादून, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार रात राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। देर रात हुए इस निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में सक्रियता बढ़ गई। मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी, वार्डों, दवा वितरण केंद्र, स्वच्छता व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया।

स्पेन और फिनलैंड के राष्ट्राध्यक्ष से नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

कहा- भारत-यूरोप एफटीए से सुनहरे युग की शुरूआत

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने भारत-यूरोपियन यूनियन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को भारत-यूरोप संबंधों में स्वर्ण युग लाने वाला बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्पेन के राष्ट्रपति के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के बीच दोस्ती बढ़ाने, खासकर रक्षा, सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। 2026 को भारत और स्पेन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें

संस्कृति, पर्यटन और एआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोदी ने बताया कि इस दौरान भारतीय और स्पेनिश विश्वविद्यालयों की बड़ी प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगी, जो लोगों को जोड़ने में मदद करेगी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यूरोपीय एफटीए से भारत और स्पेन के बीच आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों के लिए नए अवसर खुलेंगे। दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस सहयोग के तहत सी-295 परिवहन विमान की अंतिम असेंबली लाइन की सफलता का भी स्वागत किया। उन्होंने भारत-स्पेन डुअल ईयर ऑफ कल्चर, टूरिज्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने सह-निर्माण और सह-उत्पादन आधारित रक्षा सहयोग को भी भविष्य की दिशा बताया।...

शेष पेज 4 पर...

गीता से मिलती है वैश्विक प्रेरणा : गृह मंत्री

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय का किया दौरा

कोलकाता, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय का दौरा किया। गृह मंत्री शाह सुबह कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां उनका स्वागत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने किया। एयरपोर्ट से शाह हेलीकॉप्टर के जरिए नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचे, जहां से वे मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय के लिए रवाना हुए। यह दौरा पूरी तरह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले स्थित इस्कॉन मुख्यालय के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज दुनिया भर में फैल रहा इस्कॉन आंदोलन भक्तिवेदांत प्रभुपाद और उनके प्रेरणास्रोत भक्तिसिद्धांत प्रभुपाद के जीवन कर्म का परिणाम है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि वे यहां गृह मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि चैतन्य महाप्रभु के एक भक्त के रूप में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा आपने मुझे भारत के गृह मंत्री के रूप में संबोधित किया, लेकिन मैं यहां उस रूप में नहीं आया हूं। मैं चैतन्य महाप्रभु का एक श्रद्धालु बनकर इस पवित्र धाम में आया हूं। उन्होंने यह भी बताया कि मायापुर आने की उनकी इच्छा लंबे समय से थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया था।

संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि इस्कॉन ने वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म का संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भक्तिवेदांत प्रभुपाद के समर्पण और उनकी आध्यात्मिक दृष्टि के कारण आज गीता का संदेश सीमाओं से परे जाकर विश्व के कोने-कोने तक पहुंचा है। इस्कॉन ने लोगों को श्रीमद्भगवद्गीता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है और गीता आंदोलन को जीवंत बनाए रखा है। गृह मंत्री ने मातुआ समुदाय के योगदान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इस समुदाय ने हमेशा सामाजिक कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है।

अमित शाह मायापुर में भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर का सबसे बड़ा योगदान ऐसे शिष्य को तैयार करना था, जैसे भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद। शाह ने कहा कि आज विश्वभर में फैला इस्कॉन आंदोलन इन दोनों महान संतों के जीवन कार्य का परिणाम है। उनके प्रयासों से गीता और भक्ति का संदेश सीमाओं को पार कर वैश्विक स्तर तक पहुंचा है।

अमित शाह ने आगे कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी किसी अन्य देश के राष्ट्राध्यक्ष या मंत्री भारत आते हैं, तो उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भेंट स्वरूप प्रदान करते हैं। यह भारत की आध्यात्मिक पहचान और सनातन मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है।

कोर्ट परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल की जांच के लिए एसटीएफ में विशेष टीम गठित

देहरादून, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल की जांच के लिए एसटीएफ के अंतर्गत साइबर विशेषज्ञों की टीम गठित कर दी गई है। साथ ही सभी न्यायालयों और धर्मस्थलों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस संबंध में बुधवार को पुलिस मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी जिसमें इंटेलीजेंस के साथ इस मामले पर चर्चा की गई। धमकी भरे ई-मेल देश के कई राज्यों में आए हैं। ऐसे में उत्तराखंड पुलिस संबंधित प्रदेशों की जांच एजेंसियों के साथ सभी तथ्यों को साझा कर रही है। डीजीपी दीपम सेठ ने बताया कि सभी प्रकरणों को गंभीरता से लिया गया है। सभी न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए वहां पर इंतजाम और कड़े कर दिए गए हैं। इस तरह किसी भी सूचना पर पुलिस बल को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ये सभी ई-मेल एक ही पैटर्न के हैं। ऐसे में इस बात की जांच जरूरी है कि इनका सोर्स क्या है। इसके लिए...

शेष पेज 4 पर...

ताऊ – अरे मौल्लड़ असम कांग्रेस की मीटिंग भाजपा ने हैक कर ली।
मौल्लड़ – ताऊ कांग्रेस के कथित आखिरी हिन्दू नेता भूपेन बोरा सी एम हिमंता बिस्व सरमा के सम्पर्क में।
ताऊ – सीधा बता कहना क्या।
मौल्लड़ – हिमंता के पुराने कांग्रेसी साथी भूपेन बोरा ने असम कांग्रेस के इस्लामीकरण का ईशारा कर त्यागपत्र दिया भाजपा में शामिल होने की तैयारी।

सत्य का प्रहरी आपके हाथ
सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

संपादकीय

क्या अमेरिका से समझौते की कीमत चुकाएगा बांग्लादेश

एक कहावत है, सिर मुंडाते ही ओले पड़े। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान पहले देश की समस्याओं से दो-चार हों, या अमेरिका से? यह सवाल सबको परेशान किए हुए है। अंतरिम सरकार और अमेरिका के बीच हुए आपसी व्यापार समझौते ने बांग्लादेश की आर्थिक संप्रभुता पर सवाल उठाए हैं, खासकर व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा से जुड़े फैसलों में। मुहम्मद यूनुस की सलाह वाली अंतरिम सरकार को सिर्फ कुछ दिनों तक रहना था, उसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव सुचारु रूप से कराने तक थी। इसलिए यह सवाल उठा है कि मुख्य सलाहकार अमेरिका से समझौता कैसे कर सकते थे! तारिक रहमान के शपथ लेने के बाद यों भी मुहम्मद यूनुस का नई सरकार से कोई लेना-देना नहीं रह जाता है, फिर उन्होंने जल्दबाजी में अमेरिका से बाध्यकारी समझौता कैसे कर लिया? आलोचक कई बाध्यकारी शर्तों वाले प्रावधानों की ओर इशारा करते हैं, जो यह बताते हैं कि अगर बांग्लादेश वाशिंगटन की शर्तों पर नहीं चला, तो भारी शुल्क फिर से आयद हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, समझौते में डिजिटल कारोबार सुविधा के प्रावधानों को देखा जा सकता है। अमेरिका से हुए समझौते में कहा गया है कि अगर बांग्लादेश किसी ऐसे देश के साथ नया डिजिटल व्यापार समझौता करता है, जो अमेरिका के जरूरी हितों को खतरे में डालता है, तो वाशिंगटन इस समझौते को खत्म कर सकता है और बांग्लादेशी निर्यात पर 37 फीसद शुल्क फिर से लगा सकता है। यही शुल्क दर अमेरिका ने अप्रैल 2025 में प्रस्तावित की थी। नए समझौते में कहा गया है कि अगर बांग्लादेश के साथ बातचीत से अमेरिकी चिंताओं का समाधान नहीं होता है, तो अमेरिका इस समझौते से हट सकता है। इसके बाद अगर वह 37 फीसद शुल्क फिर से लागू कर दे, तो यह इतना ज्यादा है कि बांग्लादेश का अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात तेजी से कम हो जाएगा। यह एक महंगा सौदा है, क्योंकि यह दक्षिण एशियाई देश अपने निर्यात राजस्व का लगभग पांचवां हिस्सा अमेरिकी खरीदारों को बेचे जाने वाले कपड़ों और दूसरे सामान से कमाता है। एक तरह से डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस समझौते के जरिये बांग्लादेश को आर्थिक नकेल पहना दी है।

बांग्लादेश ने अतीत में जो समझौते किए, उसे जारी रखने में कोई बाधा नहीं है, लेकिन नए समझौतों में उसे अमेरिकी हितों का ध्यान रखना होगा। उदाहरण के लिए रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। इसमें दो रिएक्टर हैं। यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र ढाका से लगभग 160 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में पद्मा नदी के किनारे ईश्वरदी उपजिला के रूपपुर में बन रहा है। रूसी सहयोग से यह बांग्लादेश का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र होगा। इसकी दो इकाइयों में से पहली इकाई मार्च 2026 में चालू होने की उम्मीद है।

ऐसा लगता है कि नई सरकार के आने तक ट्रंप प्रशासन को सब्र नहीं था। और इसी वजह से यह आशंका जताई जा रही है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस वाइट हाउस के दबाव में काम कर रहे थे। यूनुस चाहते तो इस समझौते को कुछ दिन टाल सकते थे। नौ फरवरी को अंतरिम सरकार और ट्रंप प्रशासन के बीच हुआ समझौता बांग्लादेश को किसी ऐसे देश से कोई भी परमाणु संयंत्र, फ्यूल राड या संवर्धित यूरेनियम खरीदने से भी रोकता है, जो अमेरिका के जरूरी हितों को खतरे में डालता है।

बांग्लादेश ने अतीत में जो समझौते किए, उसे जारी रखने में कोई बाधा नहीं है, लेकिन नए समझौतों में उसे अमेरिकी हितों का ध्यान रखना होगा। उदाहरण के लिए रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। इसमें दो रिएक्टर हैं। यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र ढाका से लगभग 160 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में पद्मा नदी के किनारे ईश्वरदी उपजिला के रूपपुर में बन रहा है। रूसी सहयोग से यह बांग्लादेश का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र होगा। इसकी दो इकाइयों में से पहली इकाई मार्च 2026 में चालू होने की उम्मीद है। समझौते से पता चलता है कि रूसी स्टेट कार्पोरेशन रोसाटाम के जरिए रूसी तकनीक और वित्तीय सहायता से बने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए आपूर्ति जारी रहने में दिक्कत नहीं है, लेकिन भविष्य में किसी भी परमाणु परियोजना पर कड़ी जांच हो सकती है। इस मसले पर बांग्लादेश के कुछ विशेषज्ञों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि यह समझौते का सबसे जरूरी और विवादित हिस्सा है, क्योंकि यह हमारी संप्रभुता पर सवाल उठाता है। अब अगर अमेरिका बांग्लादेश के साथ रक्षा समझौते को आसान बनाने और बढ़ाने के लिए काम करेगा, तो इससे बांग्लादेश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है। दरअसल, यह समझौता दुर्लभ भू-धातुओं की खोज, उसे निकालने, उसे तैयार करने, भेजे जाने, वितरित करने और निर्यात करने के लिए अमेरिकी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का रास्ता भी खोलता है। यही नहीं, समझौता यह भी सुनिश्चित कर गया कि बांग्लादेश को साढ़े तीन अरब डालर के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने होंगे। इसमें पांच वर्ष तक हर साल कम से कम सात लाख टन गेहूं, 1.25 बिलियन डालर मूल्य के 2.6 मिलियन टन सोया और सोया उत्पाद और कपास खरीदने होंगे। बांग्लादेश को शुरू में 14 बोइंग एयरक्राफ्ट और 15 साल में 15 बिलियन की तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) भी खरीदनी होगी। इसके अलावा, अमेरिकी सैन्य साजो-सामान की ज्यादा खरीद करनी होगी और कुछ देशों से रक्षा उपकरण की खरीद पर सीमा भी लगानी होगी। इस संदर्भ में देखें तो विशेषज्ञों की यह आशंका समझी जा सकती है कि यह मुक्त व्यापार के बजाय थोपी हुई जिम्मेदारी ज्यादा है। यह असल में अमेरिकी कंपनियों और वहां के किसानों के लिए मुनाफे को पक्का करता है। इस संदर्भ में साउथ एशियन नेटवर्क आन इकोनामिक माडलिंग की ओर से उठाई गई चिंता भी गौरतलब है कि बांग्लादेश को सस्ते विकल्प मौजूद होने पर भी ज्यादा महंगा सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इससे बांग्लादेश के विदेशी लेनदेन पर और दबाव पड़ेगा। सवाल है कि फिर बांग्लादेश एयरक्राफ्ट खरीदने और ऊर्जा आयात के लिए पूंजी कैसे लगाएगा? स्वाभाविक तौर पर इससे विदेशी ऋण पर निर्भरता बढ़ने का खतरा है। ऐसी चिंताएं भी सामने आई हैं कि अमेरिका से समझौते के बाद बांग्लादेश को अब कच्चे माल के लिए चीन पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी। कुल मिलाकर, यूनुस गए, मगर समस्या छोड़ गए वाली स्थिति पैदा हो चुकी है।

विकास का संकल्प : ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरूआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। दिल्ली लखपति बिटिया योजना, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है।

ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप

विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है।

पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे। परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे लखपति बिटिया योजना-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो। यह भी सच है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास का वास्तविक आकलन कठिन हो जाता है। नई सरकार ने पूर्ववर्ती शासन की कमियों-जैसे कथित भ्रष्टाचार, अधूरी इमारतें, प्रदूषण नियंत्रण में विफलता को सुधारने का दावा किया है। किंतु जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देखना चाहती है। आने वाले वर्षों के लिए सरकार के सामने स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए-स्वच्छ वायु, स्वच्छ यमुना, सुगम यातायात, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन। राजधानी होने के नाते दिल्ली को केवल भारत का प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श शहरी मॉडल बनना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि बजट में आवंटित राशि का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग हो, परियोजनाएं समयबद्ध पूरी हों और जनभागीदारी को प्रोत्साहन मिले।

ट्रिपल इंजन सरकार का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब समन्वय का लाभ जमीन पर दिखाई दे। केंद्र और राज्य के बीच टकराव की राजनीति के स्थान पर सहयोग की भावना यदि कायम रहती है, तो दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकती है। एक वर्ष में कुछ सकारात्मक संकेत अवश्य मिले हैं, परंतु अभी लंबी यात्रा शेष है। सरकार को अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के साथ-साथ कमियों का ईमानदार आत्ममंथन भी करना होगा। दिल्ली की जनता जागरूक है और अपेक्षाएं भी बड़ी हैं। वह केवल वादों से संतुष्ट नहीं होगी, उसे परिणाम चाहिए। यदि रेखा गुप्ता सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो आने वाले वर्षों में दिल्ली सचमुच एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और आधुनिक महानगर के रूप में उभर सकती है। यही समय है जब बजट की घोषणाओं को विकास की वास्तविक कहानी में बदला जाए और राजधानी को समस्याओं के प्रतीक से समाधान के मॉडल में परिवर्तित किया जाए।

लेखकः ललित गर्ग

तेजी से भाग रहे समय में सूखती स्मृतियां और संवेदना का संवाद

दुनिया के हर व्यक्ति के जीवन में स्मृति रहती है, चाहे बुरी हो या भली। उदासी के लिबास में लिपटे रहते हैं कभी कुछ सुख के क्षण, जिनमें मोह और ममता के अवशेष होते हैं। यह भी कि स्मृति को सामूहिकता से जोड़ दिया जाए, तो स्मृति जन-स्मृति बन जाती है। रेलगाड़ी में बैठकर सुख के स्टेशन पर उतरने जैसी स्मृतियां भी जीवन में होती हैं, तो कभी खत्म न होने वाली यात्रा बन जाती है स्मृति। यह व्यक्तिपरकता से सामूहिक-चेतना की ओर बढ़ने का साधन भी है, क्योंकि स्मृति संवादप्रिय होती है।

हर युग का आदमी अपने मनोभावों को दूसरे तक पहुंचाने के लिए विकल रहा। जब वैज्ञानिक उपकरण नहीं थे, तब संप्रेषण के लिए प्रकृति के माध्यमों से काम चलाया। कभी कबूतर, कभी बादल संदेशवाहक बने, लेकिन किसी भी समय में कोई पवन, कबूतर बादल इतने समझदार नहीं रहे कि वे आदमी की भाषा, भावों को यथावत प्रेषित कर सके। इधर विज्ञान ने संवाद के लिए उपकरण खोजे हैं, जो प्रकृति की धड़कनों पर सवार होकर भावों और विचारों को सहजता से संप्रेषित करने लगे, तब से संप्रेषणीयता तो सहज हो गई, मगर विचारों में परिपक्वता प्रायः समाप्त हो गई। प्रतीक्षा इंसान के भीतर व्याकुलता पैदा करती है, लेकिन उसे भीतर से धीरज रखने का गुण भी सिखाती है। हमारे जीवन की नियमितता की निरर्थकता भी एक सामाजिक आत्महत्या ही है। इसलिए दिनचर्या के निष्कर्ष ही भविष्य की नींव रखते हैं। दिनचर्या की स्मृति जीवन की उत्तर-मीमांसा है। इसमें जोड़-तोड़ की घनीभूत बातें होती हैं, तो सुख-दुख के हर्ष-शोकग्रस्त क्षण भी। आंसू की हिचकी ऊपर आए, तो शायद हम स्मरण कर सकें बहुत कुछ ऐसा जो अपने भीतर या अपने आसपास, अपने ही बीच से गुजरा हो। किसी की होड़ या दौड़ में जीवन खपाने वाले हम स्मृतियों का प्रतिबिंब देखना चाहते हैं, लेकिन उनसे संवाद करने का धैर्य नहीं जुटा पाते। विमर्शों को सीढ़ी बनाकर हम एक नया विमर्श खड़ा कर देते हैं, जिसमें मूल स्मृति कहीं विलोपित हो जाती है। अंत में हम उसी नए को स्मृति मानकर बहुत आगे निकल जाते हैं।

दरअसल, हम जीवन के एकांत और मन के अंतरतम के यथार्थ से वंचित रह गए हैं। शायद इसलिए हमें पता नहीं कि पहाड़ों को लीपा नहीं, लांघा जाता है। पहाड़ों पर भटकाव के मोड़ों पर किसी फूल की सुगंध से कई

बार रास्ते पार होते हैं। अंधेरा हो या रोशनी, अंकुर का बढ़ना नहीं रुकता। लता अपना गंतव्य खोज ही लेती है। किसी फूल का इशारा उसकी सुगंध ही देती है। तितलियों की आवाजाही उसे उत्सव में बदल देती है, जब कोई कवि, सर्जक रच देता है उस दृश्य में बसे शब्द को और बच्चे गुनगुनाते हैं उसे प्रार्थनाओं में, तो कभी लोरी समझकर।

जिस विचार को लेकर हम स्वयं को बुद्धिजीवी समझते हैं, उस विचार की भूमिका केवल व्याख्याकार की नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व वहन करने वाली नैतिक चेतना की भी है। हमारी आंखों के सामने काफी बड़ा हिस्सा प्रतिदिन, अनवरत रेलों और बसों में यात्रा करता है। ऐसे में कितने गहरे और सूक्ष्म अनुभव जीवन में जुड़ते हैं। हम उनमें उतना ही याद रख पाते हैं, जितने से हमारा समय बाधित होता है। शेष को नजरअंदाज करना हमारे परस्पर मनुष्य होने पर संदेह पैदा करती है।

हम एक-दूसरे के सामने होकर भी एक-दूसरे के सुख-दुख से कितने अपरिचित हैं! कभी-कभी लगता है आंसुओं का होना कितनी बड़ी आश्वस्ति है। आंसू ऐसी आर्द्रता हैं, जो धरती और हवा में भी नमी बचाए हुए हैं। शायद यही संवेदनशील या कारुणिक होने की अंतिम निशानी है। आंसू कई तरह से आंखों में भरते हैं और वे कैसे पोंछे जाते हैं, इस बात में इंसानियत के रहस्य छिपे हुए हैं। हमने नहीं जाना। इस तेज भागती दुनिया में कौन शमीर्ले गड़रियों की तरह धीरे चलने का गुण रखता है? दुनियाभर की आत्मनिर्भर और अपने भरोसे खड़ी हुई महिलाओं का स्त्री विमर्श और गीली हवाओं-सी घुल मिल जाने वाली घर की मां-बहनों, भाभियों, चाचियों, बुआओं, बहुओं का स्त्री विमर्श कभी एक नहीं होता। भला ऐसा क्यों?

महानगरों में बन रही गगनचुंबी इमारतों के निकट मजदूर महिलाएं। उस स्त्री के जीवन में सुख है भी या नहीं, वह नहीं जानती, लेकिन वे सदा हारी हुई परिस्थिति में ही काम करती हैं। हम सबकी समस्याएं कितनी भिन्न हो गईं? ध्वनि में यह अद्भुत गुण है कि एक क्षण में ही वह हमें किसी दूसरे समय-संदर्भ में पहुंचा सकती है, लेकिन उन तक पहुंचने का मार्ग हमने ही दुर्गम बना दिया है। कुछ हमारे ही निर्मित कानफोड़ू शोर, तो कुछ हमारी अतिव्यस्ततओं में हमें हमारे ही भीतर की ध्वनि सुनाई नहीं देती, आगे की दुनिया दिखाई नहीं देती। हम केवल उस दुनिया को जीते हैं, जो समय पूरा करते हुए आगे बढ़ती है। प्रगतिशीलता के नए दौर में निजता के अभिजात में लफ्फाजी से छुटकारा पाना सहज नहीं। शायद इसलिए इन दिनों संवेदनशील युवकों के चित्त में भी एक विचित्र प्रकार का अजनबीपन, संत्रास, असहाय वृत्ति और निराशा का वातावरण बना हुआ है। स्मृति भले ही हमारे भीतर सूख जाए, लेकिन पानी की कुछ मिकदार (मात्रा) आंखों में बची रहे। यही क्रूर समय में मानवीय सभ्यता का सबसे मार्मिक दृश्य है, जो सब कुछ भूल जाने के बाद भी यह बचाए रखता है कि वह मनुष्य हो। ठीक उसी तरह जैसे फूल, तितली और शब्द। एक कविता की पंक्तियां हैं- तुम्हारे भीतर पानी सूख रहा है/ तुम्हारे भीतर हवा खत्म हो रही है/ और तुम्हारे समय पर कोई और कब्जा कर रहा है।

आखिर जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाली लोकतांत्रिक प्रवृत्ति पर कैसे पाएंगे काबू?

दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देने वाला जनतांत्रिक भारत आज जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाली 'ब्रितानी' व 'मुगलिया' सियासत के चक्रब्यूह में फंसा पड़ा है। इससे 'सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' जैसी उसकी उदात्त सोच भी कठघरे में खड़ी प्रतीत हो रही है। यहां की प्रतिभाशाली और प्रभुत्ववाली सामान्य जातियों (सवर्णों) के खिलाफ देश में जो लक्षित पूर्वाग्रही राजनीति कथित दलित-ओबीसी नेताओं के द्वारा की जा रही है, उससे देश व समाज के सामने विभिन्न नैतिक व वैधानिक सवाल उठ खड़े हुए हैं!

हैरत की बात है कि सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की जगह बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के नारे लगाए जाते हैं। कहीं जाति, कहीं धर्म और कहीं भाषा-क्षेत्र के नाम पर लोगों के उत्पीड़न हो रहे हैं। वहीं कहीं सामाजिक न्याय आधारित आरक्षण और साम्प्रदायिक सोच आधारित अल्पसंख्यकवाद के अव्यवहारिक पहलुओं को हवा देकर आमलोगों को उल्लू बनाया जा रहा है। आलम यह है कि ऐसे करने वाले नेता, उनके हमकदम मस्त हैं, जबकि आमलोग त्रस्त हैं। हद तो यह कि हमारे संविधान के संरक्षक अनर्गल दलीलें देकर मानवता की गला घोंट रहे हैं, जबकि यही प्रवृत्ति कतिपय संविधान निमार्ताओं में भी दिखी थी। वहीं आज के कथित रखवाले जन्मांध 'धृतराष्ट्र' की भूमिका निभा रहे हैं।इनके जैसे ही नेताओं की खामोशी से जहां 1947 में साम्प्रदायिक विभाजन हुआ, वहीं इनके षडयंत्र से आजादी के बाद से ही जातीय, क्षेत्रीय व नवसंप्रदायिक विभाजन की प्रवृत्ति हावी होती दिख रही है, जो आज भी जारी है। ऐसे में एक और महाभारत छिड़ना तय है। पुनः विभाजन होना तय है। इतिहास साक्षी है कि जब कभी भी महाभारत होता है तो संख्याबल पर बुद्धिबल ही भारी पड़ती है और आगे भी यही होगा।

कहना न होगा कि कोई भी लोकतंत्र स्वतंत्रता, समानता व बन्धुत्व की बुनियाद पर मजबूत होता है, लेकिन जब बहुमत की सियासी शरारत शुरू हो जाए और वामपंथियों के वर्गवादी राजनीति को मात देने के लिए पूंजीवादी प्रभाव वश जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र की सियासत तेज हो जाए तो देर सबेर राष्ट्र राज्य का बिखरना तय होता है। इसलिए इनसे जुड़े राजनीतिक हथकंडों और उन्हें शह देने वाले संवैधानिक प्रावधानों को यदि समय रहते ही नहीं बदला गया तो बाद में इन्हें नियंत्रित करना आसान नहीं होगा!

ऐसा इसलिए कि जातिवादी कैंसर, सांप्रदायिक एड्स और क्षेत्रवादी तपेदिक (टीबी) से शांतिप्रिय व सहनशील भारतीय समाज सदियों से ग्रसित है, लेकिन बीती सदी में इन्हें एक कानूनी स्वरूप देकर स्थिति को जटिल चुनौती बना दी गई है। किसी समूह के इतिहास को साक्षी मानकर उनके वर्तमान को रौंदने की जो सियासी प्रवृत्ति भारत में हावी है, उससे सामान्य व कथित सवर्ण जातियों में भारी रोष व्याप्त है। इसलिए समावेशी संवैधानिक प्रावधानों, हिंसा-प्रतिहिंसा पर समान कानूनी सख्ती और सामाजिक जागरूकता के संयोजन से ही अब इस जटिल स्थिति से निबटना संभव है, लेकिन हमारी सियासी सोच इसके विपरीत है। वह आज भी विदेशी फूट डालो, शासन करो पर केंद्रित है। लिहाजा, कतिपय कानूनी उपाय अपेक्षित हैं। पहले चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों और नेताओं के भाषणों पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए, तथा क्ढ्ढउ की धारा 153अ (समूहों के बीच शत्रुता फैलाना), 295अ (धार्मिक भावनाएं ठेस पहुंचाना) और प्रतिनिधित्व ऑफ पीपल एक्ट की धारा 123(3) के तहत तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाकर, जैसे नफरत भरी भाषा पर त्वरित गिरफ्तारी और पार्टी मान्यता रद्द करने का प्रावधान जोड़ना, ऐसे हथकंडों पर अंकुश लग सकता है।

लगे हाथ संस्थागत सुधार के लिए भी समवेत कदम उठाने होंगे। खासकर राजनीतिक दलों को टिकट वितरण और मंत्रिमंडल गठन में जाति-धर्म आधारित समीकरणों से ऊपर उठना होगा, जबकि चुनाव सुधारों के जरिए आंतरिक लोकतंत्र सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सोशल मीडिया पर घृणा फैलाने वाले एआई-जनरेटेड कंटेंट और प्रचार पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए, जैसा कि हालिया चुनावी दौर में देखा गया।

वहीं, सामाजिक व शैक्षिक प्रयास से भी इस स्थिति से निबटा जा सकता है। विशेष कर शिक्षा प्रणाली में समावेशी पाठ्यक्रम लागू कर नई पीढ़ी को जाति-धर्म से ऊपर उठने की प्रेरणा दी जाए, तथा धर्मगुरुओं और सामाजिक नेताओं पर निगरानी रखी जाए। मतदाताओं को जागरूक अभियान चलाकर वोटिंग में योग्यता और नीतियों को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि विभाजनकारी रणनीतियां अप्रभावी हो जाएं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी दो टूक शब्दों में कहा है कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि गाइडलाइन बनने पर भी उनका पालन कौन करेगा, क्योंकि भाषण विचारों से उत्पन्न होते हैं और इन्हें नियंत्रित करना कठिन है। कोर्ट ने संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, साथ ही राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी पर भी इशारा किया।

जस्टिस बागची ने कहा कि हेट स्पीच पर पहले से सिद्धांत बने हैं, लेकिन आदेश लागू करना चुनौतीपूर्ण है। कोर्ट ने जहरीले सामाजिक माहौल की चिंता स्वीकारी, लेकिन चुनिंदा नेताओं को टारगेट करने के बजाय व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की नसीहत दी। दरअसल याचिकाकर्ताओं ने नेताओं और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के भाषणों को हेट स्पीच से रोकने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश बनाने की मांग की थी। याचिका में दो प्रमुख दिशानिर्देश मांगे गए थे। पहला, संवैधानिक पदों या सार्वजनिक कार्यालयों पर बैठे लोगों के भाषण संवैधानिक नैतिकता के अधीन हों और दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करें। दूसरा, इन पदधारकों के सार्वजनिक भाषणों को नियंत्रित करने के लिए बिना पूर्व सेंसरशिप के दिशानिर्देश जारी किए जाएं।

संक्षिप्त समाचार

बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा शैक्षणिक सत्र-2026 के लिए बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बताया कि बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। डा. धर्मपाल ने स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन माध्यम से ही पंजीकरण करना होगा। किसी भी प्रकार के हार्ड कॉपी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरण बी.एड. प्रवेश पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए पहले पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है, जिसके बाद वे ऑनलाइन आवेदन/प्रवेश परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल https://ignou-bed.samarth. edu.in/inde&.php पर जा सकते हैं। बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर डिग्री निर्धारित अंकों सहित होना आवश्यक है तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के मानकों को पूरा करना अनिवार्य है। अंतिम चयन प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। पात्रता, पाठ्यक्रम एवं प्रवेश परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

अलायन्स क्लब सिटी हार्ट ने चौथा दिव्यवांग शिविर का किया आयोजन

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के तत्वावधान में सेवा ही संकल्प के अंतर्गत लायन्स क्लब व अलायन्स क्लब सिटी हार्ट पलवल द्वारा चौथा विशाल दिव्यवांग हेल्प शिविर लगाया जा रहा है।

ये जानकारी देते हुये लायन्स क्लब सिटी हार्ट पलवल के प्रधान मनीष जैन ने बताया कि यह शिविर दिनांक 07, 08 और 09 मार्च 2026 को जैन मन्दिर, हाऊसिंग बोर्ड, पलवल में लगाया जा रहा है, जिसका समय सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस शिविर में मिलने वाली सभी सुविधाएँ पूरी तरह से निशुल्क होंगी। इस शिविर में कृत्रिम हाथ और पैर (कोहनी/घुटने तक) मौके पर ही साइज लेकर फिट किए जाएंगे। कान की मशीन (डॉक्टर की सलाह पर) और ट्राई-साइकिल, व्हीलवेयर, वॉकर, वाकिंग स्टिक छोटे पाव के जूते और बैशाखी आदि जरूरतमंदों को उपलब्ध कराये जाएंगे। इस सभी सुविधाओं के लिये अग्रिम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके लिएआप " "8335060606" पर अपना आधार कार्ड व्हाट्सप्प कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है, अधिक जानकारी के लिए आप मनीष जैन -9354727272, मनीष तायल -9466458608 और सुरेंदर मांगला -9896243136 से संपर्क करें।

पलवल को नगर निगम का दर्जा किया जाए प्रदान : मनीष जैन

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। लायंस क्लब सिटी हार्ट के प्रधान मनीष जैन ने हरियाणा सरकार से डिमांड रखते हुए कहा कि पलवल लगातार प्रगति कर रहा है। आबादी, औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार और नगर सीमाओं का विस्तार अब उस स्तर पर पहुँच चुका है, जहाँ एक बड़े और सुव्यवस्थित प्रशासनिक ढाँचे की आवश्यकता महसूस होती है। इसी संदर्भ में हरियाणा सरकार से विनम्र अपील है कि पलवल को नगर निगम का दर्जा प्रदान किया जाए।

पलवल की जनसंख्या व भौगोलिक विस्तार में तेज वृद्धि, सड़कों, पानी, सीवरेज, ट्रैफिक प्रबंधन और सफाई व्यवस्था में बेहतर योजनाबद्ध विकास उद्योग, व्यापार और निवेश के लिए अधिक अनुकूल वातावरण,बड़े प्रोजेक्ट और फंडिंग सीधे नगर में उपलब्ध होने की सुविधा,आधुनिक शहरी सुविधाओं के साथ तेज गति से प्रगति। पलवल ने सदैव प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब समय है कि प्रशासनिक स्तर पर भी इसे वह मान-सम्मान और सुविधाएँ मिलें जिनका यह हकदार है। इसीलिए पलवल के सुनहरे भविष्य हेतु, विकास की गति को और तेज करने हेतु, सब पलवल वासियों की यही सामूहिक आवाज है कि हरियाणा सरकार पलवल को नगर निगम बनाए।

निजी कंपनी की कर्मी से दोस्त ने किया रेप

गुड़गांव, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। निजी कंपनी में काम करने वाली युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया,तो आरोपी ने मारपीट कर धमकी भी दी। पुलिस ने डीएलएफ फेज-तीन थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम में स्थित एक निजी कंपनी में काम करती है। गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-तीन में वह रहती है। युवती ने बताया कि सोशल मीडिया पर आठ मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी युवक से दोस्ती हुई थी। आरोपी युवक भी निजी कंपनी में ही काम करता है।

उपायुक्त ने हसनपुर-माहौली सडक मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शुभारंभ

उपायुक्त ने होडल विधायक को साथ लेकर गांव सतवागढ़ी में यमुना पुल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

- **उपायुक्त हसनपुर विश्राम गृह से दौरे की शुरूआत करते हुए सुनी लोगों की समस्याएं, दिया मौके पर समाधान।**

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/लक्ष्मन शर्मा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने होडल विधायक हरेंद्र सिंह को साथ लेकर बुधवार को उप तहसील हसनपुर के गांव सतवागढ़ी में यमुना नदी पर निमार्णाधीन पुल का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की सीमा में बन रहे पुल तथा सडकमार्ग का भी जायजा लेते हुए पुल का निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त डा. वशिष्ठ ने यमुना पुल सहित हसनपुर में अन्य प्रमुख निमार्णाधीन परियोजनाओं का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निमार्णाधीन विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापरक कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। दौरे की शुरूआत उपायुक्त ने हसनपुर स्थित विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए की। इस दौरान लोगों ने 84 कोस की बृज परिक्रमा के संदर्भ में परिक्रमा मार्ग को सुविधाजनक बनाने की विशेष रूप से मांग रखी। उपायुक्त ने भरोसा दिया कि परिक्रमा मार्ग पर हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और मार्ग को दुरुस्त करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब 37 किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग पर शौचालयों, पेयजल तथा शैड की व्यवस्था करवाई जाएगी।

तदोपरांत उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठद ने हसनपुर-माहौली सडकमार्ग के सुदृढ़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया, जिसकी लंबाई करीब 4.10 किलोमीटर है और इसके सुदृढ़ीकरण के कार्य पर लगभग दो करोड़ पंद्रह लाख रुपये की लागत आएगी। उपायुक्त ने इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्माण गति और निर्धारित मानकों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय

अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने होडल विधायक के साथ हसनपुर क्षेत्र में निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता और उपलब्ध संसाधनों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को निर्धारित समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्था और मरीजों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ निरीक्षण के दौरान गांव सतवागढ़ी पहुंचे, जहां यमुना नदी पर निमार्णाधीन पुल का कार्य जारी है। उन्होंने निमार्णाधीन पुल की तकनीकी प्रगति का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी से कार्य की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि इस पुल को निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते हुए अपडेट ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बनने से गांवों के बीच आवागमन आसान होगा और स्थानीय लोगों को आर्थिक गतिविधियों में भी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल निर्माण में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और पुल के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न होने दी जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं कुशलता सर्वोपरि होनी चाहिए। इस दौरान विधायक हरेंद्र सिंह ने भी कहा कि सतवागढ़ी का यमुना पुल उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिससे परिक्रमा करने वालों को खासी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट उनके पिता ने स्वीकृत करवाया था। अब इसे पूरा करवाना उनकी जिम्मेदारी है। क्षेत्र के लोगों की बरसों पुरानी यह मांग अति शीघ्र पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि परिक्रमा के लिए विकल्प के तौर पर पैंटून पुल का निर्माण भी करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ जितेंद्र कुमार, होडल की एसडीएम बलीना, सिविल सर्जन डा. सतेंद्र वशिष्ठ, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश, तहसीलदार दलबीर दुग्गल, चेयरमैन अजीत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

प्राधिकरण ने कानूनी जागरूकता शिविर का किया आयोजन

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। गांव पेलक में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल द्वारा एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आशा स्कीम योजना के अंतर्गत बाल विवाह उन्मूलन तथा डिजिटल जागरूकता के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान करना था।

यह शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल की चेयरपर्सन राज गुप्ता के नेतृत्व और सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव हरीश गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल के पैनल अधिवक्ता भीम सिंह और पैरा लीगल वॉलंटियर अंजू द्वारा किया गया।

शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता ने बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और उज्ज्वल भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। साथ ही बच्चों की शिक्षा, विकास, कौशल प्रशिक्षण तथा स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व भी समझाया गया। इसके अतिरिक्त, डिजिटल जागरूकता पर विशेष बल देते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की गई। प्रतिभागियों को थिंक बिफोर यू शेयर का संदेश देते हुए सोशल मीडिया पर किसी भी जानकारी को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता जांचने की सलाह दी गई। शिविर में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की।

निराश्रित एवं जरूरतमंदों को भोजन कराकर मनाई पुण्य तिथि

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। श्री वैश्य अग्रवाल सभा,पलवल के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता एवं समस्त सिहौलिया परिवार की ओर से उनके पूज्य पिता स्वर्गीय श्री बद्रीप्रसाद जी की 48वीं पुण्यतिथि निराश्रित एवं जरूरतमंदों को भोजन करा कर मनाई। भोजन प्रसाद की व्यवस्था नागरिक अस्पताल पलवल के प्रांगण में स्थित बाबा महाकाल की रसोई ट्रस्ट में रखी गई। जहां सैंकड़ों जरूरतमंदों ने भोजन ग्रहण किया वहीं नगर के गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की। मुख्य अतिथि के तौर पधारे सरिता बिहार दिल्ली निवासी सुंदरकांड के प्रसिद्ध प्रवक्ता महीपत सिंह ने रसोई में स्थापित बाबा महाकाल के मंदिर में प्रशाद का भोग

लगा कर भोजन परशाद का शुभारम्भ किया। बाद में जिनका स्वागत सिहौलिया परिवार की ओर से पूर्व पार्षद चंदीराम गुप्ता ने शाल उढ़ा तथा तिरसूल भेंट कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री महीपत सिंह ने कहा कि इन अवसरों पर निराश्रित एवं जरूरतमंदों को भोजन खिलाना प्रेरणादायक एवं पुण्यदायक तो है ही वर्ण इससे आत्मा को संतुष्टि भी मिलती तथा बेहतर खुशी का भी अनुभव होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री वैश्य अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान सुरेश मंगला,अनिल गुप्ता एडवोकेट, शैलेन्द्र सिंगला, सीपी गोयल, गुलशन गोयल, मुकेश सिंगला, दिनेश अग्रवाल, एसपी मित्तल, अनिल आमरू वाले, पूनम बंसल, संगीता गर्ग आदि सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आगरा चौक से न्यू कॉलोनी तक 18 करोड़ की मॉडल रोड परियोजना शुरू : गौरव गौतम

- **पलवल नगर परिषद की स्मार्ट सिटी आधारित पहल से बदलेगा पलवल का शहरी स्वरूप।**

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/लक्ष्मन शर्मा। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि नगर परिषद पलवल द्वारा शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आगरा चौक से न्यू कॉलोनी तक 18 करोड़ रुपये की लागत से मॉडल रोड परियोजना का शुभारंभ किया गया है। यह परियोजना शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और आम नागरिकों को बेहतर यातायात एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

सडक चौड़ीकरण और साइकिल ट्रैक का निर्माणः खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत सडक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। साथ ही आधुनिक साइकिल ट्रैक और सुरक्षित पैदल पथ का निर्माण किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी, बुजुर्ग एवं कामकाजी लोग सुरक्षित आवागमन कर सकें।

हरित पट्टी और सौंदर्यीकरण से बढ़ेगी सुंदरताः उन्होंने बताया कि परियोजना में हरित पट्टी विकसित करने एवं सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है, जिससे शहर का पर्यावरण संतुलन बेहतर होगा और मार्ग का स्वरूप आकर्षक बनेगा। **आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम से मिलेगा जलभराव से राहतः** बरसात के मौसम में जलभराव

की समस्या से निजात दिलाने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा। साथ ही भूमिगत उपयोगी डक्ट बनाए जाएंगे, जिससे भविष्य में बार-बार खुदाई की आवश्यकता कम होगी। **समावेशी डिजाइन और स्मार्ट सुविधाएंः** परियोजना में दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए रैंप, टैक्टाइल टाइल्स और स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। पर्यावरण-अनुकूल प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं सडक को स्मार्ट सिटी मानकों के अनुरूप बनाएंगी। **ट्रैफिक जाम में कमी और व्यापार को बढ़ावाः** नगर परिषद के अनुसार इस मॉडल रोड के निर्माण से ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय निवासियों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा प्राप्त होगी। खेल राज्य मंत्री ने नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील की, ताकि निर्धारित समयावधि में परियोजना पूर्ण कर पलवल को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। एसडीएम ज्योति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 17(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दो अलग-अलग मामलों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार एसडीएम ज्योति के निर्देशानुसार गांव बामनीखेड़ा में रास्ता नंबर-203 से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एचवीपीएनएल पलवल के एसडीओ (निर्माण) देव रतन को 20 फरवरी 2026 के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

इसी प्रकार सेक्टर-2 पलवल स्थित द अंशुल को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में मोबाइल टावर की स्थापना/प्रारंभ कार्य के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) पलवल के एसडीई सिद्धार्थ देव को आगामी एक सप्ताह के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकार प्राप्त होंगे तथा वे संबंधित क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेशों के अनुसार सभी विभागों के संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय से कोई स्टे या यथास्थिति आदेश प्रभावी न हो। साथ ही समस्त कार्य नियमों एवं विनियमों के अनुरूप किए जाएं तथा धूल नियंत्रण संबंधी प्रावधानों, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग तथा सीपीसीबी के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

एसवीएसयू में ग्रीन टेक्नोलॉजी स्किल पर प्रज्ञा परिसंवाद आयोजित

ग्रीन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के दिग्गजों ने की भागीदारी

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश में बड़ी क्रांति हो रही है। इसके लिए कुशल पेशेवरों की जबरदस्त मांग है। ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इसके लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह बुधवार को तक्षशिला भवन में इंडस्ट्री रिलेशन एन्ड एलुमनी अफेयर्स (इरा) द्वारा आयोजित प्रज्ञा परिसंवाद में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि यह दौर ग्रीन टैक्नोलॉजी का है। इसमें हाइड्रोजन एनर्जी से लेकर सभी तरह की अक्षय ऊर्जा के विविध आयामों पर काम करने की

आवश्यकता है। इंडस्ट्री में इस क्षेत्र के पेशेवरों की भारी माँग है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एनसीआर में रोजगार के इस बूम को भुनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने इंडस्ट्री एक्सपर्ट से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि हम इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इरा की निदेशक चंचल भारद्वाज ने इंडस्ट्री एक्सपर्ट का स्वागत करते हुए उन्हें एसवीएसयू के मॉडल से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को समझते हुए विद्यार्थियों को उन्हीं के अनुरूप कौशल देना हमारा लक्ष्य है। ग्रीन आइस सोलूशन्स की प्रबंध निदेशक रीना घई ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन एनर्जी में अंतर को समझते हुए स्किल्ड मैनपावर तैयार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मेंटेनेंस, स्मार्ट ग्रिड, बैटरी टेक्नोलॉजी, हाइब्रिड सिस्टम और डिजिटल टूल्स से संबंधित स्किल्ड लोग नहीं मिल रहे हैं। यदि इस क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तो उन्हें एक दम से रोजगार मिलते हैं। एनएमयू के ईपीसी हेड नवीन शर्मा ने सोलर टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अथाह अवसर हैं, जबकि प्रशिक्षित लोगों की भारी कमी है। इसलिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण काम कर रहा है। मार्क एनर्जी के निदेशक चेतन शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में ऑपरेशन्स और मैंटेनस के कुशल लोगों की काफी कमी है। उन्होंने एसवीएसयू के प्रयासों की सराहना की। सोलर एज टेक्नोलॉजी के एचआर निदेशक भाविश अवस्थी ने कहा कि ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षण का अभाव है। उन्होंने एसवीएसयू के साथ मिल कर प्रशिक्षण और कौशल विकास पर चर्चा की। फोस्टीमे बिजनेस स्कूल के निदेशक डॉ. आदित्य विज ने ग्रीन टेक्नोलॉजी स्किल के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कुशल लोगों की भारी मांग है। इरा की निदेशक चंचल भारद्वाज ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

सभी विद्यालयों में इको क्लब होंगे रजिस्टर्ड : योगेश सौरोत

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। शहीद रामवीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के प्रांगण में यूथ एंड इको क्लब के रजिस्ट्रेशन के संदर्भ में एक सीआरसी स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीपिका द्वारा की गई तथा संचालन जिला कोऑर्डिनेटर योगेश सौरोत द्वारा किया गया। अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए योगेश सौरोत ने बताया शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी मामराज रावत के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विद्यालयों में यूथ एंड इको क्लब स्थापित किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण से जुड़ी हुई संबंधित गतिविधियां भी समय-समय पर संचालित कराई जाएगी। लगभग 75% विद्यालय जिले के रजिस्टर्ड हो गए है अगले कुछ दिनों में बाकी विद्यालयों को रजिस्ट्रेशन करने के लिए भी खंड स्तरीय मीटिंग आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर रामगोपाल, राजकुमार, जोगिंदर पोसवाल, मानसिंह, युद्धवीर, देवेंद्र एवीआरसी, कृष्ण, दिनेश शास्त्री, करतार, रामेश्वर पीटीआई, सुरेंद्र शर्मा, विनोद कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

खोया पाया

मैं अजय नागपाल पुत्र श्री मूलचंद नागपाल निवासी 2 डी 9 एन.आई.टी फरीदाबाद सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मैंने एडोर प्रेजीडेंसियल सेक्टर 84 फरीदाबाद में एक फ्लोर नम्बर 39-201 बुक किया था, जिसकी बिल्डर वायर एग्रीमेंट कहीं खो गया है।

अजय नागपाल

होड़ल में सत्यजय टाईम्स हिन्दी दैनिक
समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार, विज्ञापन बेदखली, जमीन-जायजाद संबंधित, नाम परिवर्तन, सार्वजनिक सूचना, नगर परिषद संबधी सभी प्रकार के सस्ते रेट पर विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
अग्रवाल न्यूज एजेंसी
सम्पर्क सूत्र -
अमित अग्रवाल
+919254588483, +9197282 84058

19 feb satyajay times c:29-dummy-1 2/18/2026 10:41 PM Page 4

सत्य का प्रहरी आपके हाथ
सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

संक्षिप्त समाचार

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी तक

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृति प्रदान की जाती है। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें ताकि वे आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक न हो। वह पात्र शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 28 फरवरी तक www.scholarships.gov.in पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मानदेय ना मिलने पर पंचायत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पलवल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार। जिला पलवल के पंचायत उपचुनाव 15 जून 2025 में संपन्न हुए, इन चुनावों को संपन्न कराने के लिए जिन कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गईं उनको आज तक जो मानदेय मिलना था नहीं मिला है, इसको लेकर डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स

एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान गीतेश कुमार की अध्यक्षता में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा । जिला प्रधान गीतेश कुमार, राज्य सचिव वेदपाल, उप प्रधान वीर सिंह सौरोत एवं ऑडिटर सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद ही खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों की अकाउंट की डिटेल भी ले ली थी। लेकिन मौके पर पता लगा कि अधिकारियों ने विभाग से इस संबंध में अभी तक कोई बजट की डिमांड ही नहीं की। अब जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने पंचायत उपचुनाव का मानदेय शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अध्यापक सुलक्षणा, रेखा सैनी, महेंद्र कुमार, नरवीर सैनी, धर्मेंद्र, सत्येंद्र, शिवदयाल, बलराम, सत्यदेव श्यामलाल, महिपाल, जगत सिंह आदि अध्यापक नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

धान घोटाला: चारों आरोपी अधिकारियों को कोर्ट में किया पेश, मिला पुलिस रिमांड

करनाल, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। जिले की अनाज मंडियों में करीब 20 करोड़ रुपये के धान घोटाला मामले में मंगलवार को गिरफ्तार चारों आरोपी अधिकारियों को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से असंध मंडी के सचिव कृष्ण धनखड़ को तीन दिन, जुंडला मंडी के सचिव दीपक कुमार और करनाल मंडी की सचिव आशा रानी दो दिन व पूर्व डीएफएससी अनिल को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। एसआईटी के प्रभारी डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान इन अधिकारियों से रिकवरी की जाएगी, साथ ही मामले में संलिप्त अन्य लोगों का पता लगाया जाएगा। पुलिस को पूर्व में

गिरफ्तार हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से भी कई इनपुट मिले हैं, जिसके आधार पर आगे जांच की जा रही है। विदित हो कि अब तक जिले की अलग-अलग मंडियों से सामने आए इस फजीर्वाड़े में छह प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं। जिनमें अधिकारी, कर्मचारी, आढ़ती, मिलर और निजी लोगों समेत 25 की गिरफ्तारी हो चुकी है। अभी कई और लोग पुलिस की रडार पर हैं। एसपी नरेंद्र बिजारानिया ने बताया कि इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए दो एसआईटी गठित हैं, एक का नेतृत्व एएसपी कांची सिंघल तो दूसरी टीम का नेतृत्व डीएसपी शहर राजीव कुमार कर रहे हैं। मामले में जो भी अन्य आरोपी हैं, उन्हें भी काबू किया जाएगा। आरोपियों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीमें जांच में जुटी हुई हैं। गिरफ्तार चारों अधिकारियों पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आईटी एक्ट, पीसी एक्ट और अन्य गंभीर अपराधों की धारा में प्राथमिकी दर्ज है।

प्रजनन क्षमता और नींद-अच्छी नींद लेना काफी जरूरी

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। डॉ. वर्षा अग्रवाल, कंसल्टेंट-फर्टिलिटी एवं आयवीएफ विशेषज्ञ, मदरहुड फर्टिलिटी अण्ड आयवीएफ, नोएडाक्या आप जानते हैं कि रोजाना रात में कम से कम y घंटे की अच्छी नींद लेना हमारे शरीर के हार्मोन को संतुलित रखने, प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गर्भधारण की संभावनाओं को बढ़ाने में बहुत मदद करता है? आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम अक्सर नींद को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन अच्छी नींद फर्टिलिटी के लिए उतनी ही जरूरी है जितना सही खानपान और व्यायाम करना हैं। जब दंपती गर्भधारण की योजना बनाते हैं, तो वे आमतौर पर डाइट, एक्ससरसाइज और वैदयकीय जांच पर ध्यान देते हैं। लेकिन नींद के बारे में बहुत कम बात की जाती है। जबकि सच यह है कि नींद प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले सबसे अहम कारकों में से एक है। देर रात तक जागना, अनियमित नींद का समय और लगातार थकान शरीर के उन हार्मोन्स को बिगाड़ सकती है जो ओव्यूलेशन, शुक्राणुओं की सेहत और पूरी प्रजनन प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। आज की तेज रफ्तार ज़िंदगी में लोग यह समझ नहीं पाते कि, खराब नींद के कारण फर्टिलिटी पर बुरा असर पडता हैं। इसलिए अच्छी नींद लेना काफी जरूरी हैं। इस बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए।

नींद और फर्टिलिटी का संबंध: नींद हमारे शरीर में मेलाटोनिन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन और टेस्टोस्टेरोन जैसे जरूरी हार्मोन्स को नियंत्रित करने में मदद करती है। ये हार्मोन महिलाओं में ओव्यूलेशन और पीरियड्स की नियमितता के लिए और पुरुषों में शुक्राणुओं के निर्माण के लिए बहुत जरूरी होते हैं। जब नींद पूरी नहीं होती या बार-बार टूटती है, तो हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है। महिलाओं में इससे पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं, ओव्यूलेशन देर से हो सकता है या गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है। पुरुषों में नींद की कमी से शुक्राणुओं की संख्या, उनकी गति और गुणवत्ता कम हो सकती है, जिससे गर्भ ठहरने में परेशानी आती है। खराब नींद से तनाव भी बढ़ता है। इससे शरीर में कॉर्टिसोल नामक तनाव हार्मोन बढ़ जाता है, जो प्रजनन हार्मोन्स के काम में रुकावट डालता है और गर्भधारण को मुश्किल बना देता है। इसके अलावा, नींद की कमी से इंसुलिन और मेटाबॉलिज्म पर भी असर पड़ता है। इससे पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी समस्याएं और बिगड़ सकती हैं, जो फर्टिलिटी को प्रभावित करती हैं।

देर रात मोबाइल, लैपटॉप या टीवी देखने से नींद की गुणवत्ता कम हो जाती है। इन स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन को कम कर देती है, जो अच्छी नींद और अंडाणुओं की गुणवत्ता के लिए जरूरी है। लंबे समय तक नींद पूरी न होने से शरीर की ऊर्जा कम होती है, मन चिड़चिड़ा रहता है और रिश्तों में भी दूरी आ सकती है, जिससे फर्टिलिटी पर असर पड़ता है।

अच्छी नींद के लिए क्या उपाय करें: हर रात कम से कम ८ घंटे की गहरी नींद लें। रोज एक ही समय पर सोने और जागने की आदत डालें, चाहे वीकेंड ही क्यों न हो।

सोने से पहले मोबाइल, लैपटॉप और टीवी का इस्तेमाल कम करें।

सोने से पहले किताब पढ़ना, हल्का संगीत सुनना या रिलैक्सेशन एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है।

बेडरूम को शांत, अंधेरा और ठंडा रखें ताकि नींद अच्छी आए।

रात में देर से चाय, कॉफी या भारी भोजन लेने से बचें।

रोजाना योग, हल्का व्यायाम और ध्यान करें ताकि तनाव को कम किया जा सके। अगर किसी को अनिद्रा, स्लीप एपनिया या ज्यादा चिंता जैसी समस्याएं हैं, तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी हैं। समय रहते नींद से जुड़ी परेशानियों का इलाज कराने से न सिर्फ फर्टिलिटी बेहतर होती है, बल्कि पूरी सेहत भी अच्छी रहती है। रोजमर्रा की ज़िंदगी में छोटे-छोटे बदलाव करके आप बेहतर नींद पा सकते हैं, जिससे लंबे समय में प्रजनन स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

नवनिर्मित जिले के लिए सभी स्तरों पर पद होंगे सृजित

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। हरियाणा सरकार ने नवगठित हांसी जिले में प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक पद सृजित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह निर्णय बजट सत्र 2026 से पूर्व प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह स्थापित करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी पत्र में कहा गया है कि हांसी जिले के लिए समूह क, ख, ग और घ श्रेणी के आवश्यक पद सृजित किए जाएंगे, ताकि नए जिले में शासन व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सके। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आवश्यक पदों का आकलन करें और प्राथमिकता के आधार पर पद सृजन की कार्रवाई प्रारंभ करें। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक पदों का सृजन कर लिया जाए। इसके अतिरिक्त, इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट शीघ्र मानव संसाधन विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कांग्रेसी पूर्व विधायक आनंद कौशिक का निधन

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान। फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक का आज बुधवार को निधन हो गया वह 75 वर्ष के थे पिछले कई महीनो से बीमार थे आज उनकी तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई उनको एस. एस. बी. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया वहां उन्होंने अंतिम सांस ली। 2009 से 2014 तक वह विधायक रहे, उनके भाई बलजीत कौशिक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हैं आनंद कौशिक इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी के साथ भी काम कर चुके हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खास माने जाते हैं, उन्होंने हमेशा गरीब और आम नागरिक के लिए काम किया कांग्रेस के वह सच्चे सिपाही रहे। उनके निधन पर कांग्रेस की पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कांग्रेस



की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा, सांसद कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष उदयभान, डॉ अशोक तंवर, धर्मपाल सिंह, मलिक चौधरी, वीरेंद्र सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह,करण सिंह दलाल,विजय प्रताप, मनोज अग्रवाल,गिरीश भारद्वाज, योगेश कुमार धींगड़ा,सतवीर डागर, रोहित कुमार सिंगला,गौरव ढींगरा, हरेंद्र भाटी,दीपक चौधरी,प्रेम खट्टर, पूर्व मंत्री विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्व सांसद अवतार सिंह भडाना, भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई, पुर्व विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, पूर्व विधायक चंद्र भाटिया, पूर्व विधायक रामरतन, विधायक हरेंद्र, मंत्री विपुल गोयल, मंत्री राजेश नागर, विधायक सतीश फागना, पूर्व मंत्री सीमा तिरखा, विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक शारदा राठौर, राजन ओझा, लखन कुमार सिंगला, रेनू चौहान, अशोक रावल, मनोज अग्रवाल, चुन्नू राजपूत ने उनके निधनं पर शोक प्रकट किया है कल उनका अंतिम संस्कार खेड़ी पुल शमशान घाट पर 11 बजे किया जाएगा।

किशन लाल बजाज ने सेक्टर 24 में हुए हादसे पर जताया दुख

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल। ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने मुजेसर इंडस्ट्रीयल एरिया सेक्टर 24 की फ्रैक्टी में हुए हादसे पर दुख जताया है। किशन लाल बजाज ने हादसे में घायल हुए लोगों के जल्दी स्वास्थय की भगवान से कामना करते हुए कहा कि कोई भी यह नहीं चाहता कि हादसा हो लेकिन समय के सामने सभी बेबस है। उन्होने कहा कि इस हादसे में चाहे फ्रेक्ट्री मालिक हो या मजदूर सभी को गहरे जख्म दे गया है। किशन लाल बजाज ने कहा कि यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा कि कहां भूल हुई या किसकी गलती थी लेकिन अभी से किसी को भी कटघरे में खड़ा करना ठीक नहीं है। उन्होनें कहा कि भविष्य में ऐसी घटना की कभी पुनारावूति ना हो इसके लिए हम सभी को जागरूक और सर्तक होना होगा।

शादी समारोह में लड़ाई करने के आठ आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। फरीदाबाद पुलिस चौकी सेक्टर 16 की टीम ने 10 फरवरी को सेक्टर-16 स्थित एक शादी समारोह स्थल पर मारपीट करने के मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कृष्ण कुमार वासी करुणा नगर सैक्टर- 89 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर-16 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 10 फरवरी को उसकी बहन की बेटी की शादी यादव धर्मशाला सैक्टर-16 फरीदाबाद में थी, जहां बारात में आये कुछ लडके शोर शराबा करने लगे।

जब उन्हें मना किया तथा वहां से जाने के लिए कहा तो वो उसके परिवार के सदस्यों के साथ बहस करने लगे। समझाने पर आरोपित वहां से चले गए कुछ समय बाद दोबारा से अपने अन्य साथियों के साथ समाहार स्थल पर आए तथा उसके परिवार जनों के साथ लडाई झगडा किया जिसमें उसके परिवार वाले गंभीर रूप से घायल हो गये। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर-17 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहित, लोकेश, सोनू, दीपक, शिवम वासी ओल्ड फरीदाबाद, तुषार वासी सैक्टर-16, कुलदीप वासी राजीव नगर व राहुल चंदिला वासी खेडी पुल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि जब आरोपीगण दूल्हा पक्ष की तरफ से शादी समारोह में आए थे।

कार्यक्रम के दौरान शादी समारोह में शोर शराबा व कमेंट कर रहे थे शिकायतकर्ता के परिवार वालों ने उनको वहां से जाने के लिए कहा जिसको लेकर आरोपित व अन्य ने अपने कुछ और साथियों को फोन कर बुला लिया तथा शिकायतकर्ता व उसके परिवार जनों के साथ मारपीट कर दी। जिनको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

समस्याओं के समाधान के लिए समाधान कैंप आज

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल। एचएसवीपी प्रशासक वैशाली सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक द्वारा एचएसवीपी से एचएसआईआईडीसी को ट्रांसफर किए गए इंडस्ट्रियल प्लॉटों के अलॉटियों को आ रही समस्याओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एचएसवीपी के सभी जोनल एडमिनिस्ट्रेटर को पत्र जारी कर उनके-अपने कार्यालयों में विशेष समाधान कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि एचएसवीपी द्वारा एचएसआईआईडीसी को ट्रांसफर किए गए इंडस्ट्रियल प्लॉटों से संबंधित अलॉटियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोनल एडमिनिस्ट्रेटर अपने-अपने जोन में बुधवार को अपने कार्यालय परिसर में विशेष समाधान कैंप का आयोजन करें। उक्त कैंप में संबंधित एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर एवं एचएसआईआईडीसी के एस्टेट मैनेजर उपस्थित रहेंगे, ताकि अलॉटियों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। एचएसवीपी द्वारा एचएसआईआईडीसी को ट्रांसफर किए गए इंडस्ट्रियल प्लॉटों के अलॉटियों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु आज 19 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक HSVP ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-12, फरीदाबाद के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विशेष समाधान कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप विशेष रूप से उन इंडस्ट्रियल प्लॉट के अलॉटियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिन्हें HSVP एवं HSIIDC से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे सभी अलॉटियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर कैंप में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के समाधान का लाभ उठाएं।

बादल छाए, हल्की बूंदाबांदी और तापमान पर लगी ब्रेक

लखनऊ, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में फेरबदल होने की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह मोहन भागवत से हुई मुलाकात ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री बुधवार को रात आठ बजे संघ प्रमुख से मिले राजधानी के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। एकांत में दोनों के बीच करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई। हालांकि इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है।

फरीदाबाद में अनाथ बालिकाओं के लिए निःशुल्क छात्रावास की शुरुआत

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-7 के परिसर में नेता जी सुभाष चन्द बोस अनाथ कन्या छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस छात्रावास में फरीदाबाद जिले की 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग की अनाथ बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के साथ ही बालिकाओं का नजदीकी सरकारी विद्यालय में कक्षा अनुसार नामांकन भी कराया जाएगा। विद्यालय की प्रिंसिपल सीमा गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे बालिकाएं जिनके माता-पिता नहीं हैं, या माता-पिता में से कोई एक नहीं है, अथवा कोई लावारिस बच्ची है, उन्हें छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं के लिए भोजन एवं आवास की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी के संज्ञान में ऐसी कोई अनाथ बालिका है तो उसकी जानकारी विद्यालय प्रशासन को दें, ताकि जरूरतमंद बच्चियों को शिक्षा और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा सके। यह पहल न केवल शिक्षा से जुड़ा प्रयास है, बल्कि समाज सेवा और परोपकार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति विद्यालय परिसर में संपर्क कर सकते हैं।

शेष पेज एक...

कोर्ट परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी,...

अन्य प्रदेशों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

साइबर पुलिस को इन ई-मेल की जांच के निर्देश दिए गए हैं। एसटीएफ के अंतर्गत एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इसके अलावा दो प्राथमिकियां उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में दर्ज की गई हैं। इनकी जांच तेज करने के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

देहरादून जिला न्यायालय परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस संबंध में तत्काल एक बैठक बुलाई थी। इसमें इंटेलीजेंस के अधिकारियों के साथ भी विमर्श किया गया है। इंटेलीजेंस दूसरे राज्यों के साथ संपर्क में है। हर गतिविधि पर पुलिस कड़ी नजर बनाए हुए है।

स्पेन और फिनलैंड के राष्ट्राध्यक्ष ...

बता दें कि स्पेन के राष्ट्रपति इस आधिकारिक दौरे पर 18 से 19 फरवरी तक भारत में हैं। सांचेज ने समिट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके परिणाम वैश्विक एआई गवर्नेंस को आकार देने में मदद करेंगे। उन्होंने शिक्षा में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की, खासकर भारत की नई शिक्षा नीति के तहत। पीएम मोदी और सांचेज ने पर्यटन, व्यापार, निवेश, तकनीक, नवाचार, जलवायु और नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने स्पेनिश विश्वविद्यालयों और संस्थानों को एसटीईएम और तकनीकी क्षेत्रों में भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग, और स्पेन के भारत-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की बात पर भी चर्चा की।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ भी बैठक की। उन्होंने एफटीए के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भारत-फिनलैंड व्यापार को दोगुना करना चाहते हैं। दोनों नेताओं ने 6ऋ नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, बायोफ्यूल, सर्कुलर इकोनॉमी और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने डिजिटलाइजेशन और सतत विकास को भविष्य की आर्थिक वृद्धि के लिए अहम बताया और टेक्नोलॉजी कंपनियों के आपसी निवेश का स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन और सहयोग के मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

एआई समिट में भारत ने बनाया...

ताकि यह तकनीक लोगों के जीवन को बेहतर बनाए और जिम्मेदारी से इस्तेमाल हो। मंत्री ने कहा कि इस अभियान में रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी हुई, जो शुरूआती 5,000 संकल्पों के लक्ष्य से कहीं अधिक है।

यह जिम्मेदार एआई अपनाने को लेकर जनता की जागरूकता और सहभागिता को दशार्ता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वैश्विक तकनीकी नेता, प्रमुख शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थाएं और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इस समिट में समावेशी विकास में एआई की भूमिका पर चर्चा की जा रही है।

नायब सिंह सैनी ने उचाना हल्के ...

योजना के विस्तार करने तथा डीआई पाइप लाइन बिछाने का ऐलान भी किया। इन विकास कार्यो पर लगभग 9 करोड़ 33 लाख रुपए की धन राशि खर्च की जाएगी। इसी प्रकार गांव करसिंधु को महाग्राम योजना में शामिल कर वहां सीवरेज सिस्टम तथा एसटीपी लगाने जैसे विकास कार्यो पर लगभग 50 करोड़ की धन राशि खर्च की जाएगी।

उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय घासो, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कहसुन और राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिघाना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलेवा तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय खांडा में कुल 15 अतिरिक्त क्लासरूम का निर्माण तथा अन्य कार्य कराए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बरसोला माइनर और ढाकल हेड के लिए एक कमेटी बनाकर इस काम को पूरा करवाने का काम करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उचाना में टीएससी एवं पुरानी अनाज मंडी की स्पेशल रिपेयर कराई जाएगी। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा उचाना हलके के विभिन्न गांवों की लगभग 5 करोड़ की लागत से पुरानी सड़कों को चौड़ा और उनकी मरम्मत कराई जाएगी तथा 25 कि.मी. की नई सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। उचाना विधानसभा की 122 कि.मी. की 146 सड़क जो डीएनपी की अवधि में है, उन्हें आवश्यकता अनुसार संबंधित एजेंसी द्वारा ठीक करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इसी प्रकार 15 कि.मी. की 7 सड़कों का निर्माण प्रगति पर है और 3 कि.मी. की दो सड़कों की 51 लाख 61 हजार की लागत से स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की 18 सड़कों की 32 करोड 75 लाख रुपए की लागत से विशेष मरम्मत एवं नवीनीकरण करवाया जाएगा। इन सडकों की कुल लंबाई 68 कि.मी. है । इसके अलावा उचाना विधानसभा क्षेत्र की लोक निर्माण विभाग की 617 कि.मी. की 146 सड़कें जो अभी डीएनपी की अवधि में है , आवश्यकता अनुसार एजेंसी द्वारा ठीक करवाया जाएगा। इसी प्रकार 392 कि.मी. की 88 सड़कों का निर्माण प्रगति पर है । विधानसभा क्षेत्र की 54 कि.मी. की 10 सड़कों की 26 करोड़ की लागत से स्पेशल रिपेयर का कार्य करवाया जाएगा । मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उचाना विधानसभा के खेत खलिहान के लिए 25 किलोमीटर लम्बाई तक के कच्चे रास्तों को पक्का कराया जाएगा ।

विधानसभा परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष ...

को लगातार निशाने पर रखा। मुख्यमंत्री के जवाब के बीच भाजपा विधायक खूब हंगामा करते रहे। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष को 10 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। उसके बाद 5:35 पर सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी भाजपा विधायक फिर वेल पर आ गए।

हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की ओर से 15वें और 16वें वित्त आयोग के समक्ष दिए गए उनके वक्तव्य को भी सदन में पढ़कर सुनाया। सुक्खू ने कहा कि जब जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री थे, उस समय इन्होंने भी आरडीजी के पक्ष में बात कही। जयराम ने तब कहा था कि हिमाचल को अधिक धन की आवश्यकता है।

सरकार को कर्ज लेना पड़ता है। उन्होंने ग्रांट की भी संस्तुति की। सीएम ने कहा कि हम भी यही मांग कर रहे हैं, लेकिन विपक्ष अब पीछे क्यों हट रहा है। उन्होंने विपक्ष को याद दिलाया कि जयराम ठाकुर ने सीएम रहते कहा था कि मैदानी राज्यों की अपेक्षा हिमाचल में विकास कार्यों में ज्यादा खर्च आता है। एक रुपये से 28 पैसे ही विकास कार्यों में खर्च होते हैं। सीएम बोले - आपने उस समय हिमाचल का हित समझा, लेकिन अब जब आरडीजी की बहाली की बात की जा रही है तो समर्थन नहीं कर रहे हैं। विपक्ष के ऊपर किसका दवाब है। मुख्यमंत्री ने कहा - हम केंद्रीय बजट प्रस्तुत होने से पहले चार बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया से मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरडीजी की टेपरिंग के कारण हिमाचल को नुकसान हुआ है, उसे देखते हुए 2026 से 2031 तक की आरडीजी को एक समान रखने का प्रयास किया जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सदन में लगातार झूठ बोला जा रहा है। मुख्यमंत्री जवाब देते हुए लगातार गलत आंकड़े पढ़ रहे थे। उत्तर देने के लिए हमने समय मांगा, लेकिन हमें समय नहीं मिला। मजबूरन भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल को वेल में आकर नारेबाजी करनी पड़ी लेकिन हमारा पक्ष नहीं सुना गया और मुख्यमंत्री के झूठ की धारा सदन में बहती रही। बुधवार शाम को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि जबसे यह सत्र चला है, सत्ता पक्ष से लगातार यह बात कही जा रही थी कि आरडीजी खैरात नहीं है, अधिकार है। विधायक ही नहीं मुख्यमंत्री भी लगातार गलत आंकड़े अलग-अलग तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री वित्त विभाग की प्रेजेंटेशन से विपरीत आंकड़े दे रहे हैं। सरकार में बैठे लोग झूठ बोल रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि 15वें वित्त आयोग को हमारी सरकार ने प्रेजेंटेशन दी थी। सरकार में रहते हिमाचल के भले के लिए जो कर सकते थे किया। मुख्यमंत्री भी कह रहे थे कि आपने हिमाचल के हित के लिए 15वें वित्त आयोग में बहुत बढ़िया काम किया था। हमने काम किया, तर्कपूर्ण पक्ष रखे, हिमाचल की समस्याएं बताईं, हर मंच पर हिमाचल की आवाज उठाई तो हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वालीं केंद्र से मदद मिली। हम आज भी अपनी उस प्रेजेंटेशन पर कायम हैं। हिमाचल को यदि आज राजस्व घाटा अनुदान नहीं मिला तो उसके जिम्मेदार मुख्यमंत्री हैं।

हिमाचल के हितों की वह पैरवी नहीं कर पाए। भाजपा सदैव हिमाचल के हित के लिए लगातार तत्पर है। कांग्रेस की इस राजनीति से प्रदेश का नुकसान हो रहा है। सरकार को राजनीति से बाज आना चाहिए। सरकार की हठधर्मिता की वजह से प्रदेश का बहुत नुकसान हो रहा है। नेता विपक्ष ने कहा कि भाजपा लगातार हिमाचल के हितों की पैरवी केंद्र सरकार से करती रहती है। लेकिन मुख्यमंत्री हिमाचल के हितों की पैरवी के बजाय सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक कर रहे हैं।

19 feb satyajay times c:29-dummy-1 2/18/2026 10:41 PM Page 5

सत्यजय टाइम्स
हिंदी दैनिक

संक्षिप्त समाचार

बिजली के खंभे में लगी आग मीटर जलकर हुए खाक

सोहना, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/अशोक गर्ग। पुरानी सब्जी मंडी में बिजली के खंबे में आग लगने से बिजली के मीटर जलकर खाक हो गए आज इतनी भयंकर थी की आने जाने वाले लोग भी हैरत में पड़ गए बिजली विभाग को सूचना मिलने पर कर्मचारी मौके पर पहुंचे उससे पहले बिजली की लाइट को काट दिया गया जिससे कि आग की लपेट दूसरी जगह ना पहुंच पाए एक बिजली के खंभे पर कम से कम 10 से 12 मीटर लगे हुए होते हैं जिनकी सप्लाई दुकानदारों की दुकानों पर जाती है यदि बिजली विभाग तुरंत प्रभाव से बिजली को नहीं कटते तो आज दूर-दूर तक फैलने का खतरा बन गया था लेकिन आग भयंकर होने के बाद भी किसी भी कोई अन्य वारदात से होने पर बचाव हो गया आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया जबकि आज के दिन बरसात की बूंद भी पड़ रही थी उसके बावजूद भी आग भयंकर रूप ले लिया बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली के मीटर में लगी हुई आग के कारण सभी वीडियो को बिजली विभाग द्वारा बदलवाने की कार्रवाई करने में लग गई है ताकि दुकानदारों को बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से दी जा सके।

हकृवि के छात्र को 27 बार रक्तदान करने पर राज्यपाल ने किया सम्मानित

हिसार, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अमन कुमार को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने राज्य स्तरीय उत्कृष्ट स्वैच्छिक रक्तदाता पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए

प्रदेश भर से तीन युवाओं का चयन किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए अमन कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि निःस्वार्थ भाव से किए जाने वाले उस महान कार्य की पहचान है, जो दूसरों की जिंदगी बचाने में सहायक होता है।

उन्होंने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और इसकी पूर्ति केवल रक्तदान से ही संभव है। इसलिए युवाओं को रक्त दान करने के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त की पूर्ति की जा सके। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा भी समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं जिसमें विद्यार्थी स्वेच्छा से अपना रक्तदान करते हैं। डॉ. चन्द्रशेखर डागर ने बताया कि छात्र अमन अब तक 27 बार रक्तदान कर चुका है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सराहनीय कार्यों से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है जो समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉ. एसके पाहुजा भी उपस्थित रहे।

लुईस फिलीप ने लॉन्च किया टिकट टू बहामास कलेक्शन

गुरुग्राम, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम मेंसवेयर ब्रांड, लुईस फिलीप ने अपना स्प्रिंग समर 2026 (एसएस 26) कलेक्शन टिकट टू बहामास पेश किया है। यह कलेक्शन लग्जरी बीच क्लबों के सुकून भरे ग्लैमर और धूप से सराबोर ट्रॉपिकल नजारों से प्रेरित है। बेहतर रिजॉर्ट लाइफस्टाइल की भावना से प्रेरित यह कलेक्शन, रंगों, टेक्सचर और डिजाइन के शानदार तालमेल के जरिए गर्मियों की जीवंतता को दर्शाता है। इसमें चमकीले सिट्रस टोन हैं जो धूप से खिले फलों के बागों की याद दिलाते हैं, तो वहीं सॉफ्ट सॉर्बे पेस्टल रंग गर्मियों की ठंडी ताजगी का एहसास कराते हैं। इसके कलर पैलेट में रिफ्रेशिंग नींबू और संतरे के रंगों से लेकर सुकून देने वाले न्यूट्रल शेड्स का बेहतरीन समावेश है। लॉन्च के अवसर पर लुईस फिलीप के चीफ बिजनेस ऑफिसर, अनिल एस. कुमार ने कहा, टिकट टू बहामास कलेक्शन एक लग्जरी बीच क्लब अनुभव के आरामदायक और सुखद एहसास को दर्शाता है। हवादार कपड़ों, गर्मियों के जीवंत रंगों और आरामदायक लेकिन सोफिस्टिकेटेड स्टाइल के साथ, यह कलेक्शन उस आत्मविश्वास और सहज शालीनता को पेश करता है जो गर्मियों के मौसम में एक लुईस फिलीप मैन की पहचान है। बहुमुखी और विचारपूर्वक तैयार किया गया 'टिकट टू बहामास' कलेक्शन, वेकेशन और पूल-साइड ब्रंच से लेकर समंदर किनारे की शामों और शहर की मुलाकातों तक, हर मौके के लिए एकदम सही है। हल्के टेक्सचर, धूप जैसे नरम रंग और आधुनिक टेलरिंग मिलकर एक ऐसा समर वॉर्डरोब तैयार करते हैं जो शानदार, ताजगी भरा और बेहद क्लासी है।

अंबाला में लगातार बढ़ रहा है इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

15 इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने के लिए बस 2 चार्जिंग स्टेशन

अंबाला, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। हरियाणा सरकार प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए ई बसों के संचालन पर जोर दे रही है जिससे अंबाला में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार बढ़ रहा है, लेकिन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अभी भी अधूरा है। जानकारी के मुताबिक, करीब छह महीने बीत जाने के बावजूद तीसरा चार्जिंग स्टेशन अब तक स्थापित नहीं हो पाया है। मौजूदा हालात ये हैं कि 15 इलेक्ट्रिक बसों को सिर्फ दो चार्जरों के भरोसे चलाया जा रहा है। एक बस को पूरा रहत चार्ज होने में करीब 50 से 60 मिनट लगते हैं। ऐसे में सभी बसों को दिन-रात शिफ्टों में बारी-बारी से चार्ज करना पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो नए चार्जिंग स्टेशन के लिए पहले अल्टरनेटिंग करंट डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पैनल लगाना जरूरी है, लेकिन अब तक इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। फिलहाल ये इलेक्ट्रिक बसें सुबह 6:30 बजे से रात 8:30 बजे तक दो शिफ्टों में चलाई जा रही हैं और अंबाला सिटी, अंबाला छावनी, बराड़ा और यमुनानगर रूट पर यात्रियों को सेवा दे रही हैं। लेकिन अगर जल्द ही तीसरे चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था नहीं हुई, तो आने वाले समय में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन पर असर पड़ सकता है और यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। फिलहाल इन ई बसों को चलाने वाले ड्राइवर और रोडवेज यूनियन से जुड़े कर्मचारी और चार्जिंग स्टेशन लगाने की मांग कर रहे हैं।

पार्षदों ने विधायक को अपनी समस्या से कराया अवगत

विकास कार्य न होने को लेकर पार्षदों में नाराजगी

सोहना, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/अशोक गर्ग। नगर परिषद सदन में पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद चेयरपर्सन प्रीति बागड़ी द्वारा की गई आयोजित मीटिंग में विधायक चौधरी तेजपाल तंवर विशेष तौर पर मौजूद रहे। पार्षदों द्वारा विकास कार्य न होने के कारण सभी ने अपनी अपनी समस्या से विधायक को अवगत कराया। पार्षदों का कहना है कि कार्यकारी अभियंता का परमानेंट न होने के कारण लगभग 1 साल से ज्यादा के विकास कार्य लंबित पड़े हुए हैं तथा सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा रही है इसके अलावा शहर के बीचो-बीच कूड़े के ढेर लगे हुए रहते हैं सुबह 8:00 बजे कूड़े को उठाया जाता है तथा राजीव गांधी पार्क के पास सुबह 5:00 से ही लोगों का कूड़ा डालना शुरू हो जाता है। वह कूड़ा चारों तरफ फैलने लगता है। राजीव गांधी पार्क में घूमने वाले लोगों को गंदगी के कूड़े में से ही आना जाना पड़ता है शहर के आधा दर्जन वाड़ में लगभग 70 सफाई कर्मचारी ठेका देने के लिए जल्द ही टेंडर लगाकर ठेकेदार को

दिया जाए जिससे कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बनी रहे विधायक चौधरी तेजपाल तवर ने पार्षदों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्यकारी अभियंता को फोन से संपर्क करके कहा कि आज नगर परिषद कार्यालय में पार्षदों की बैठक हो रही है जबकि आप नगर निगम फरीदाबाद में हो पार्षदों द्वारा विकास कार्य न होने को लेकर नाराजगी दिखाई दे रही है जिस पर विधायक चौधरी तेजपाल तवर ने उपस्थित पार्षदों को कहां की वह चंडीगढ़ जा रहे हैं जल्द ही नया परमानेंट कार्यकारी अभियंता नगर परिषद रडूँल्ल को मिल जाएगा कार्यकारी अभियंता को लगभग एक सप्ताह से ज्यादा हो गया जो कि नगर परिषद कार्यालय में नहीं आ रहे हैं जिसकी वजह से विकास कार्य काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं उन्होंने कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार रंगा अकाउंटेंट प्रवीण कुमार यादव म्युनिसिपल इंजीनियर राजपाल खटाना आदि अधिकारियों से सख्त आदेश करते हुए कहा कि जो भी पार्षदों के वाड़ के लंबित पड़े हुए कार्य हैं उनको जल्द से जल्द टेंडर लगाकर विकास कार्य करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए जिससे कि प्रत्येक वाड़ में विकास कार्य हो सके उन्होंने यह भी बताया कि लगभग डेढ़ महीने के भीतर आधा दर्जन शहर के वाड़ में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगभग छह दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारी का टेंडर लगाकर ठेकेदार को दे दिया जाएगा जिससे कि शहर के चारों तरफ सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे बजट प्रस्ताव की मीटिंग में नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि करने वाले राजेंद्र सिंह बागड़ी पार्षद सुनीता गर्ग पार्षद वेद ड्रॅ शर्मा पार्षद हरीश नंदा पार्षद मनोज अवाना नरेश सैनी सरदार गुरवचन सिंह आदि पार्षद मौजूद रहे 1 अप्रैल 2026 को ओपनिंग बैलेंस 5602 तथा प्रोपोज्ड बजटेड इनकम फॉर एयर 2026 में 27 में 7802 लाख प्रपोज्ड बजट एक्सपेंडिचर का एयर 2026 तो 2027 5859 लाख क्लोजिंग बैलेंस 31 मार्च 2027 7545 लाख के बजट को सब समिति से पारित कर दिया गया।

नीयत, नीति और अंत्योदय के संकल्प पर ही प्रदेश में तीसरी बार बनी सरकार : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नीयत, नीति और अंत्योदय के संकल्प पर ही प्रदेश में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनी है। उचाना के विकास के पहिए को अब और भी तीव्र गति दी जाएगी और यहां की खुशहाली में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री जींद के उचाना में बुधवार को धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर आयोजक एवं उचाना विधानसभा से विधायक देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 103 करोड़ 31 लाख रुपये लागत की 5 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किए हैं। इनमें 28 करोड़ 54 लाख रुपये लागत के 3 उद्घाटन और 74 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत के 2 शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, समाज कल्याण व अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, विधायक पवन खरखौदा भी मौजूद थे।

रैली में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उचाना की भूमि परिश्रम, परंपरा और प्रगति का संगम है। यह हरियाणा की वह धड़कन है, जहां जब किसान का पसीना मिट्टी में मिलता है, तो देश के अन्न भंडार भर जाते हैं। जब यहां का युवा संकल्प लेता है, तो पूरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का परचम लहराता है।

उन्होंने कहा कि अन्न भण्डार भरने वाले किसानों की भूमि उचाना की लम्बे समय से नजर अंदाज किया गया। झूठे वायदे करके आपके वोटों की फसल तो दो-दो-तीन-तीन पीढ़ियों तक काटी गई, लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। पिछले लंबे समय से आपको झूठे सपने दिखाकर अपनी पीढ़ियों को आगे बढ़ाने के अलावा कुछ नहीं किया। परिवारवाद की दलदल में फंसे ये लोग आपके बच्चों के भविष्य को लेकर संजीदा नहीं रहे। उन्होंने सिर्फ अपने बच्चों का भविष्य ही सुरक्षित किया है। लेकिन प्रदेश सरकार ने विकास के मामले में इस क्षेत्र का हक सूद समेत लौटाने का काम किया है और आगे भी यह जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री ने उचाना में 103.30 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को दी सौगात

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज उचाना में आयोजित धन्यवाद रैली के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए 103 करोड़ 30 लाख 84 हजार रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर आमजन के जीवन को सरल और बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने तीन विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है, जिन पर 28 करोड़ 54 लाख 7 हजार रुपये की लागत आई है। वहीं दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिनकी कुल लागत 74 करोड़ 76 लाख 77 हजार रुपये है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, खेल और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। नरवाना के जल सेवा मंडल के तहत 22 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपये की लागत से सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी (आरडी 56000 से 118000 तक) के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया।

इसके अंतर्गत सिरसा ब्रांच के आरडी 189990/एल से ऑफ-टेक सहित संबंधित ढांचागत संरचनाओं का पुनर्निर्माण भी किया जाएगा, जिससे सिंचाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के 3 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक उचाना के गांव डूमरखां कलां में निर्मित मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन किया, इससे युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही 2 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की लागत से गांव सुदकैन कलां में जलापूर्ति योजना के नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण और शेष पाइपलाइन बिछाने के कार्य किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल की सुविधा सुनिश्चित होगी।

छोटे हाथ, बड़े सपनों के 22 साल –यूवा मास्टरस्ट्रोक 2025

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के यूवा ने यूवा मास्टरस्ट्रोक के अपने 22वें संस्करण के सफल आयोजन की घोषणा की है। यह एक अखिल भारतीय ड्रॉइंग प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन अगस्त से दिसंबर के बीच किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से केजी से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को ड्रॉइंग के जरिए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का मंच मिलता है।

दो दशक से अधिक पहले शुरू हुई यह पहल आज एक व्यापक रचनात्मक मंच के रूप में स्थापित हो चुकी है। 2025 संस्करण को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इसमें 6,600 से अधिक स्कूलों से भारत को 6,600 से अधिक स्कूलों के 20 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह पहल केवल प्रतिभा की पहचान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों के बीच ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देना है, जहाँ वे कला की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को सहज रूप से अभिव्यक्त कर सकें। इस अवसर पर यूवा के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा, मास्टरस्ट्रोक बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर देता है। इस वर्ष 6,600 से अधिक स्कूलों के जुड़ने से पूरे पहल में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। हम केवल चित्रों को नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के विचारों, सपनों और कलात्मक सोच को सामने ला रहे हैं।

जिला स्तर पर प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन श्री भारत पार्टे के मार्गदर्शन में किया गया। जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ी उनकी पृष्ठभूमि और वर्षों के अनुभव ने इस प्रक्रिया को विशेष गहराई दी। उन्होंने केवल चित्रों का मूल्यांकन ही नहीं किया, बल्कि प्रतियोगिता की समग्र भावना को भी एक नई दिशा दी। विजेता अपने-अपने क्षेत्रों में रचनात्मकता की सर्वोच्च झलक प्रस्तुत करते हैं। इन प्रतिभाशाली छात्रों तक पुरस्कार और आधिकारिक समान समय पर पहुँचें, इसके लिए यूवा, स्कूल प्रशासन और स्थानीय सेल्स टीमों के साथ मिलकर लगातार काम कर रहा है। अब तक 40,000 से अधिक विजेताओं को उनके गिफ्ट हैंपर्स वितरित किए जा चुके हैं।

निसान ने ऑल–न्यू ग्रेवाइट की लॉन्च, 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरूआती

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरूआती कीमत में ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को लॉन्च करने का एलान किया। बोल्ड और गेम चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के नए अध्याय की शुरूआत है। भारत से प्रेरित मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया ग्रेवाइट भारत में निसान मोटर इंडिया के नवीनतम प्रोडक्ट ऑफिसिव का पहला प्रोडक्ट है। इस मॉडल का नाम ग्रेवाइट भारत के 1.4 अरब लोगों और राष्ट्र की विविधता को आकार देने वाली 19,000 भाषाओं एवं रीति-रिवाजों से प्रेरित है। ग्रेवाइट को भारतीय परिवारों की बदलती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसमें रोड पर शानदार मौजूदगी के साथ स्पेस, वर्सटिलिटी, कफर्ट और रोजाना की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। निसान एंड इनफिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं मिडिल ईस्ट, केएसए, सीआईएस एवं भारत के प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा, ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की लॉन्चिंग नहीं है, बल्कि यह भारत में निसान के सतत विकास के नए चरण की शुरूआत है। चेन्नई में हमारे

अलायंस पार्टनर के साथ हमारी लोकल मैन्युफैक्चरिंग और फ्यूचर रेडी प्रोडक्ट रोडमैप के साथ हम यहां प्रतिस्पर्धा करने, विकास करने और महत्वपूर्ण सेगमेंट में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट भारतीय परिवारों की विविधता, व्यापकता एवं महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित है। इसकी मॉड्यूलर सीटिंग से लेकर इसके कमांडिंग स्टांस तक, हर खूबी दिखाती है कि कैसे भारतीय ग्राहक रहते हैं, यात्रा करते हैं और साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं। हमारे लिए ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की पेशकश नहीं है। यह एक वादा है कि निसान ऐसे वाहन को डिजाइन करना, मैन्युफैक्चर करना और उनमें निवेश करना जारी रखेगी, जो सच्चे अर्थों में भारत की मोबिलिटी की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हों।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहा प्रदेश का चहुंमुखी विकास : रणबीर गंगवा

चंडीगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद जिला के उचाना में आयोजित धन्यवाद रैली में उचाना विधानसभा क्षेत्र को 103 करोड़ 31 लाख रुपये लागत की 5 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास भी किए। इनमें 28 करोड़ 54 लाख लागत के 3 उद्घाटन और 74 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत के 2 शिलान्यास शामिल है। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, समाज कल्याण व अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी और हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा ने भी संबोधित किया।

जनता ने घरानों का वहम निकालने का काम किया: जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में जो माहौल था, उसे दूर करने का काम करते हुए उचाना की जनता ने बीजेपी सरकार बनवाई। आज पूरे हरियाणा में मुख्यमंत्री समान विकास करने का काम कर रहे है। गंगवा ने कहा कि कई लोगों को वहम था कि यहां से केवल बड़े घराने ही जीत सकते है। इतना ही नहीं, यह वहम भी था कि वे बीजेपी के अंदर आएं है तभी बीजेपी की सरकार बनी है। यह वहम भी निकालने का काम उचाना की जनता ने किया है। केंद्र में मंत्री एमपी तथा एमएलए रहने वालों को जनता ने बता दिया कि जनता तय करती है कि कौन विजयी होकर जाएगा, घराने नहीं।

किसी की पेंशन नहीं काटी: समाज कल्याण व अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि बांगर की धरती का हमेशा से राजनीति में अहम रोल रहा है। एक समय था, जब कांग्रेस की यहां से 5 सीट आई थी, ऐसे ही चौधरी देवीलाल भी यहां से जीते। लेकिन अब यहां की जनता बीजेपी पर राजी है, और नरेंद्र मोदी और नायब सिंह सैनी पर यहां की जनता ने विश्वास जताया है। बेदी ने कहा कि यहां से जीतने वालों ने राजनीतिक लाभ लेते हुए देश और प्रदेश में राजनीति की। बड़े ओहदे और पद लिए, लेकिन इस इलाके को देखने का उनके पास वक्त तक नहीं था। मगर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ना सिर्फ आमजन के बीच आकर उनकी समस्याओं का हल कर रहे है, बल्कि विकास कार्यों को भी गति दे रहे है। उन्होंने कहा कि जनता का भला होता देख विपक्षियों को यह हजम नहीं हो रहा और वो जनता के बीच दुष्प्रचार करने का काम कर रहे है। बेदी ने पेंशन के मुद्दे पर कहा कि सरकार ने ना किसी की पेंशन बंद की, ना किसी के काटने की योजना थी।

होटल में शराब पीने के बाद कुछ लड़कों ने दिखाई गुंडागर्दी

मालिक और कर्मियों को पीटा

टोहाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/ब्यूरो। शहर के रतिया रोड स्थित शेरु का ढाबा होटल में शराब पीने के बाद कुछ लड़कों द्वारा होटल मालिक व उसके कर्मियों से मारपीट करने और दुकान का सामान क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है इस मामले में शिकायत शहर पुलिस को देखकर कार्रवाई की मांग की गई है। ढाबा मालिक के अनुसार आरोपियों ने कहा कि वह बच्ची गैंग से संबंधित है। 0शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में ढाबा संचालक महेंद्र ने बताया कि 17 फरवरी को रात करीबन 10:35 बजे दो व्यक्ति खाना खाने के लिए दुकान के अंदर बैठ गए। उस समय भीड़ अधिक होने के कारण वे ग्राहकों में बिजी थे जो आरोपीयों ने बिना जानकारी ढाबे में बैठकर शराब पी या कोई अन्य नशा किया तथा नशे में धुत हो गए व इसके बाद खाना खाने के बाद आपस में ऊंची ऊंची आवाज में गाली गलौज करने लगे व जब आरोपियों से खाने का बिल मांगा तो आरोपीयों ने उसके व उसके कर्मचारियों के साथ झगड़ा मारपीट की। एक आरोपी ने उसकी टांग पर दांतों से काट लिया जब उसके कर्मचारियों ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों दया राम व गोपाल, अजय के साथ मारपीट की व आरोपीयों ने धमकी दी कि हम बच्ची गैंग के आदमी हैं, तुम्हारा ढाबा नहीं चलने देंगे और तुझे जान से मारेंगे। आरोपीयों ने ढाबे के बाहर खड़े होकर अपने साथियों को असलाह साथ लेकर बुलाने के लिए फोन किए जिससे वे बुरी तरह से घबरा गए। वारदात से बचने के लिए मौका से अपना ढाबा बन्द करके चले गए।

महिला आयोग ने लोक किया अदालत का आयोजन

कमीशन का फोकस महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और इंसाफ दिलाने पर है : राज लाली गिल

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाइम्स/सत पाल सोनी। पंजाब राज्य महिला आयोग ने आज पुलिस कमिश्नर के लोकल ऑफिस के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक स्पेशल लोक अदालत का सफल आयोजन किया, जहां ज्यादातर लोगों के केस आपसी सहमति से सुलझाए गए। पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल के साथ मेंबर अजिंदरपाल कौर, असिस्टेंट कमिश्नर (जनरल) पायल गोयल, डिप्टी डायरेक्टर गुलबहार सिंह और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन के सीनियर अधिकारी भी लोक अदालत के मौके पर मौजूद थे।

चेयरपर्सन राज लाली गिल ने कहा कि कमीशन का फोकस महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और इंसाफ दिलाने पर है, जिसके तहत स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज करीब 77 केस फाइल हुए, जिनमें से 47 केस मौके पर ही निपटा दिए गए। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर केस घरेलू झगड़ों से जुड़े थे, जिन्हें काउंसलिंग देकर घर बसाने में मदद की गई है। उन्होंने दोहराया कि इस लोक अदालत का मुख्य मकसद महिलाओं को अपनी समस्याएं और अधिकारियों के सामने रखने के लिए एक सीधा और आसान प्लेटफॉर्म देना है। इस दौरान, केस को मौके पर ही हल करवाने के लिए बड़े अधिकारी भी मौजूद थे। चेयरपर्सन गिल ने आगे कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी मुश्किल समस्याओं का तुरंत हल करवाना कमीशन की प्राथमिकता है। यह खुली अदालत पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने कहा कि आने वाले समय में ऐसी और लोक अदालतें लगाई जाएंगी ताकि लोगों का पैसा और समय बच सके। आम जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोग कोर्ट में हिस्सा लेकर और अपनी समस्याएं सीधे कमीशन के सामने रखकर फायदा उठा सकते हैं।

19 feb satyajay times c:29-dummy-1 2/18/2026 10:41 PM Page 6

सत्य का प्रहरी आपके हाथ
सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

संक्षिप्त समाचार

आजाद मोहम्मद ने सुबह-सुबह किया मांडीखेड़ा का औचक निरीक्षण, अस्पताल में हड़कंप

नूंह, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/जुबैर खान। जनसेवा और लोगों की समस्याओं के प्रति अपनी सक्रियता को दोहराते हुए फिरोजपुर झिरका विधानसभा से पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद मंगलवार सुबह-सुबह अचानक मांडीखेड़ा नागरिक

अस्पताल पहुंच गए। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी सोनू प्रजापति (काला खेड़ा) भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। अस्पताल में पूर्व मंत्री के औचक निरीक्षण से वहां मौजूद डॉक्टर और स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान आजाद मोहम्मद और सोनू प्रजापति ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों की उपस्थिति की बारीकी से जांच की।गौरतलब है कि पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद और भाजपा नेता सोनू प्रजापति लगातार क्षेत्र की जनता की खिदमत में लगे रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण होते रहना चाहिए ताकि सरकारी तंत्र और स्टाफ में जवाबदेही बनी रहे और आम जनता को इलाज में कोई कोताही न झेलनी पड़े।निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की गरिमा और सेवा भाव को बनाए रखना ही उनकी प्राथमिकता है।

एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज के पुराने स्टूडेंट्स ने यूनियन बजट पर की चर्चा

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी। लगातार पॉजिटिव बातचीत के सिलसिले में, एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज लुधियाना के

अनुभवी पुराने छात्रों ने अपने अल्मा मेटर के कॉमर्स, मैनेजमेंट और बिजनेस इनोवेशन स्टूडेंट्स के साथ यूनियन बजट 2026-2027 पर चर्चा की। मुख्य वक्ता के बी सिंह, एक बैंक से डीजीएम (रिटायर्ड) और एक पुराने स्टूडेंट् ने स्टूडेंट्स की आसान समझ के लिए बजट का ब्यौरा पेश किया। प्रिंसिपल गुरशरणजीत सिंह संधू ने एलुमनाई एसोसिएशन के इस कदम की तारीफ की।

प्रो. डॉ. नीलम भारद्वाज, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. गीतिका तलवार, प्रो. परमिंदर, प्रो. गीतिका अरोड़ा, प्रो. आरसी संधू, प्रो. निधि शर्मा, प्रो. दिनेश, प्रो. चरणजीत कौर, और प्रो. रूपिंदर कौर सेशन में शामिल हुए। एलुमनाई एसोसिएशन के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी बृज भूषण गोयल भी मौजूद थे। के बी सिंह ने बताया कि कुल टैक्स रेवेन्यू में डायरेक्ट टैक्स का हिस्सा 56% है, जो तरक्की का अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि यूनियन बजट 2026-27 में पशुपालन के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी प्रोग्राम पर फोकस किया गया है, जिसका मकसद पशुपालन एंटरप्रेन्योरशिप को मजबूत करके ग्रामीण इनकम बढ़ाना है। इस मौके पर, एक होनहार स्टूडेंट, जाह्नवी, जिसे बजट अवधारणाओं की बहुत अच्छी स्पष्टता है, को चढ़तीकला पुस्तक प्रदान की गई क्योयल ने कहा कि कॉमर्स बैकग्राउंड वाले स्टूडेंट्स को हमेशा अपने सब्जेक्ट नॉलेज में फायदा होता है, इसलिए उन्हें आईआईएम एंट्रेंस एग्जाम के लिए कॉम्पीट करना चाहिए।

सफाई सेवकों और सीवरों के मुद्दों को लेकर सुरेंदर कल्याण ने की बैठक

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी। सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के वाइस चेयरमैन सुरिंदर कल्याण ने लोकल बचत भवन में डिस्ट्रिक्ट लुधियाना के सफाई कर्मचारियों और सीवरों से जुड़े संगठनों

के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में नगर निगम के अलावा, अलग-अलग डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे। वाइस चेयरमैन कल्याण ने कहा कि सफाई कर्मचारी कमीशन सफाई सेवकों/सीवरों की भलाई के लिए पक्का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि कमीशन हमेशा सफाई कर्मचारियों और सीवरों के अधिकारों की रक्षा के लिए चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा रहा है और आगे भी मजबूती से खड़ा रहेगा।

मीटिंग के दौरान, उन्होंने सैनिटेशन वर्कर्स और सीवरमैन के अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा की।उन्होंने अलग-अलग ऑर्गनाइजेशन की प्रॉब्लम सुनीं और जल्द सॉल्यूशन का भरोसा भी दिया। वाइस चेयरमैन सुरिंदर कल्याण ने कहा कि कमीशन सफाई कर्मचारियों, सीवरमैन और उनके परिवारों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कमिटेड है। इससे पहले, वाइस चेयरमैन सुरिंदर कल्याण ने एडिशनल डिप्टी कमिश्नर रूपिंदर पाल सिंह, म्युनिसिपल कमिश्नर नीरू कत्याल गुप्ता के साथ एक छोटी मीटिंग की, जहाँ उन्होंने सफाई कर्मचारियों/सीवरमैन की प्रॉब्लम को प्रायोरिटी देने के इंस्ट्रक्शन दिए।

दो सगे भाई नहर में डूबे, पूजन सामग्री विसर्जित करने गए थे दोनों

यमुनानगर, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। यमुनानगर जिले की बुढ़िया नहर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। पूजन सामग्री विसर्जित करने गए दो सगे भाई नहर में डूब गए। युवकों की पहचान भगवानगढ़ निवासी 19 वर्षीय आर्यन और 24 वर्षीय उदय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों भाई शाम के समय पूजन सामग्री विसर्जित करने नहर पर पहुंचे थे। इसी दौरान आर्यन का पांव फिसल गया और वह तेज बहाव में नहर में गिर गया। उसे बचाने के लिए उदय भी पानी में कूद पड़ा, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि दोनों बाहर नहीं निकल पाए और देखते ही देखते गहराई में समा गए। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़िया चौकी के थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह नहर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के बनाई गई है। न तो रेलिंग है और न ही चेतावनी बोर्ड, जिस कारण पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नहर के किनारे पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।

महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि, त्वरित न्याय आयोग की प्राथमिकता : रेनू भाटिया

20 मामलों में 18 का मौके पर निपटारा, झूठे केस दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर जताई चिंता

नूंह, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/जुबैर खान। नूंह हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा नूंह के एसपी कार्यालय/लघु सचिवालय नूंह के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में विशेष हियरिंग सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान पीड़ित महिलाओं से संबंधित कुल 20 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति व संवाद के माध्यम से निपटारा कर दिया गया, जबकि दो मामलों को आगामी सुनवाई के लिए लंबित रखते हुए संबंधित पक्षों को 10 दिन का समय दिया गया है। अगली सुनवाई पलवल अथवा फरीदाबाद में प्रस्तावित है।

सुनवाई के दौरान अधिकतर मामले घरेलू हिंसा, महिलाओं से छेड़छाड़, शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा पति-पत्नी के आपसी विवादों से जुड़े पाए गए। कई मामलों में छोटे-छोटे पारिवारिक झगड़ों को आपसी समझाइश और संवाद से सुलझा लिया गया। रेनू भाटिया ने कुछ मामलों में गंभीर चिंता भी जताई।उन्होंने कहा कि संपत्ति, व्यवसाय अथवा पारिवारिक रंजिश के चलते कुछ लोग महिलाओं के नाम पर छेड़छाड़ या दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाकर क्रॉस केस दर्ज करा देते हैं। आयोग ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि निजी विवादों में बहनों-बेटियों का इस प्रकार इस्तेमाल समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है। घरेलू हिंसा के बढ़ते मामलों पर टिप्पणी करते हुए रेनू भाटिया ने कहा कि वर्तमान समय में ईगो क्लैश, संवाद की कमी तथा पारिवारिक दखलअंदाजी रिश्तों के टूटने का बड़ा कारण बन रही है। पढ़े-लिखे हों या अनपढ़, अमीर हों या गरीब–सभी वर्गों में यह समस्या देखी जा रही है, जहां कई बार परिवार के सदस्य बीच में आकर विवाद को और बढ़ा देते हैं। आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और मामलों का त्वरित व निष्पक्ष निपटारा आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर मामलों में आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। रेनू भाटिया ने बेटियों से आह्वान किया कि वे अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ी हों और रानी लक्ष्मीबाई जैसी साहसिक मिसालों से प्रेरणा लें। साथ ही केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य बेटियों को सशक्त व सुरक्षित बनाना है, जिसमें महिला आयोग हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। सुनवाई उपरांत चेयरपर्सन ने उपस्थित अधिकारियों से महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आयोग को प्राप्त प्रत्येक शिकायत का शीघ्र, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान नारेबाजी से गूंजा परिसर

- पदोन्नति को लेकर शिक्षक-कर्मचारी दो फाड़

रोहतक, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर बुधवार को विरोध के नारों से गूंज उठा। शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की, जिसमें 'कर्मचारी एकता जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए गए। कुलपति की अध्यक्षता वाली इस बैठक के दौरान परिसर में हंगामा मचा रहा, क्योंकि यूनिवर्सिटी के शिक्षक और गैर-शिक्षक संघ पदोन्नति के मुद्दे पर दो धड़ों में बंट गए थे। एक पक्ष ईसी बैठक के समर्थन में खड़ा था, जबकि दूसरा विरोध में उतर आया। समर्थक पक्ष का कहना है कि विश्वविद्यालय के करीब 100 शिक्षकों की पदोन्नति कई वर्षों से लंबित है। यदि यह बैठक नहीं हुई तो पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी तरह रुक सकती है, इसलिए बैठक का आयोजन जरूरी था। वहीं, विरोध करने वाले पक्ष ने बैठक के तरीके या अन्य मुद्दों पर असहमति जताई, जिससे नारेबाजी और आमने-सामने की स्थिति बन गई। इस हंगामे के बीच ईसी की बैठक शुरू हुई, जिसमें कुलपति ने अध्यक्षता की। प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठन भी शामिल हो गए और उन्होंने भी विरोध जताया। परिसर में तनाव का माहौल रहा, लेकिन बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चली। पदोन्नति का मुद्दा एमडीयू में लंबे समय से विवादास्पद रहा है। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से अटकी हुई यह प्रक्रिया उनके करियर और वेतन वृद्धि को प्रभावित कर रही है।

कुलपति और रजिस्ट्रार के बीच तनाव का नया मोड़ आया है। बुधवार को कुलपति ने रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णा कांत को निलंबित कर दिया था, लेकिन हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए रजिस्ट्रार को बहाल कर दिया है। राज्यपाल के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि डॉ. कृष्णा कांत को उनकी मूल जिम्मेदारियां सौंपी जाएं।

पड़ोसी की शिकायत पर बदल दिया दूसरे घर का मीटर

अब थमाया 24 हजार का बिल

हिसार, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की लापरवाही से एक उपभोक्ता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सूर्य नगर की गली छह नंबर में उपभोक्ता संतोष (पत्नी राममेहर) के मीटर बदलने की शिकायत पर बिजली कर्मियों ने पड़ोसी का मीटर बदल दिया गया। इसका खुलासा तब हुआ जब 5,960 रुपये का बिल भरने के दो दिन बाद 24,235.99 रुपये का नया बिल थमा दिया गया। उपभोक्ता संतोष के बेटे नवीन ने बताया कि 10 जुलाई 2025 को निगम कर्मचारियों ने मीटर को बदल दिया था। न तो उन्होंने इसकी जानकारी दी और न ही उन्होंने मीटर बदलने की शिकायत की थी। मीटर बदलने का आधार केवल पड़ोसी की



शिकायत थी जिसकी कोई सत्यापन प्रक्रिया नहीं हुई।

विभाग ने गलती सुधारने के लिए 31 अक्तूबर 2025 को फिर से मीटर लगाया लेकिन इसकी भी पूर्व सूचना नहीं दी गई। नवीन के अनुसार, पहले मीटर की रीडिंग 26,837.2 यूनिट थी जबकि नए मीटर पर 31,129.3 यूनिट दर्ज हुई। यानी कुछ महीनों में 4,291.3 यूनिट का अंतर कैसे हुआ, यह बड़ा सवाल है।

सुखविंदर सिंह बिंद्रा को 'ऑनरेरी डॉक्टरेट डिग्री' से किया सम्मानित

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी। सुखविंदर सिंह बिंद्रा मेंबर और स्पेशल मेंबर/इनवाइट, मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, को देश भगत यूनिवर्सिटी ने डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी के दौरान 'ऑनरेरी डॉक्टरेट डिग्री' से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान अच्छी लीडरशिप, यूथ एम्पावरमेंट और गुड गवर्नेंस में उनके शानदार योगदान के लिए दिया गया है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह और उनका डिपार्टमेंट पंजाब और युवाओं की भलाई के लिए कमिटेड हैं। वे युवाओं को ड्रग्स से बचाने के लिए जरूरी कदम उठाते रहेंगे। इसके साथ ही, बिंद्रा ने युवा पीढ़ी को ड्रग्स से बचाने के लिए स्पोर्ट्स की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और उन्हें स्पोर्ट्स की तरफ मोटिवेट करने के लिए स्पोर्ट्स किट भी बांटी जाएंगी। इसके साथ ही बिंद्रा ने युवा पीढ़ी को ड्रग्स से बचाने में स्पोर्ट्स की अहमियत पर जोर दिया। इस मौके पर सुखविंदर सिंह बिंद्रा ने कहा कि उनका डिपार्टमेंट हमेशा युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने की कोशिश करता है। बिंद्रा ने कहा कि उनका डिपार्टमेंट और सोशल जस्टिस मिनिस्ट्री के मिनिस्टर वरिंदर कुमार युवाओं की भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंगे और युवाओं की भलाई, डेवलपमेंट और उन्हें ड्रग्स से दूर रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। सुखविंदर सिंह बिंद्रा ने कहा कि वह पहले भी पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड (पंजाब सरकार) के स्टेट चेयरपर्सन रह चुके हैं। स्टेट चेयरपर्सन रहते हुए भी उन्होंने युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और उन्हें स्पोर्ट्स की तरफ मोटिवेट करने के लिए बहुत काम किया है। वह यूथ क्लब, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को फ्री स्पोर्ट्स किट भी बांटते थे। आखिर में, बिंद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कैबिनेट मंत्री डॉ. वरिंदर कुमार को उनकी दूर की सोच और युवाओं को मजबूत बनाने की मुहिम के लिए धन्यवाद दिया।

नई सब्जी मंडी की मांग तेज, चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

- नगीना में भी नई मंडी के लिए मुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल।

नूंह, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/जुबैर खान। नूंह अस्थाई सब्जी मंडी यूनियन, फिरोजपुर झिरका ने शहर में नई सब्जी मंडी स्थापित करने की मांग को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। बुधवार को यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन फिरोजपुर झिरका मार्केट कमेटी के चेयरमैन महावीर सैनी (नगीना) को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

यूनियन का कहना है कि शहर में आज तक स्थायी सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिसके कारण दर्जनों सब्जी व फल विक्रेता वर्षों से अस्थाई मंडी में कार्य कर रहे हैं। यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते विक्रेताओं के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रधान मोतीलाल सैनी ने बताया कि नई अनाज मंडी परिसर के भीतर लगभग 4-5 एकड़ भूमि खाली पड़ी है। पूर्व में इस स्थान पर सब्जी मंडी स्थापित करने का प्रस्ताव संबंधित अधिकारियों को भेजा गया था, लेकिन मामला अभी तक लंबित है। यूनियन ने मांग की है कि उक्त भूमि पर नई स्थायी सब्जी मंडी बनाकर केवल पुराने और पंजीकृत विक्रेताओं को ही आवंटन किया जाए।

इस दौरान चेयरमैन महावीर सैनी ने सब्जी विक्रेताओं को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भिजवाया जाएगा और स्थायी सब्जी मंडी की स्थापना के लिए गंभीर प्रयास किए जाएंगे। यूनियन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर फिरोजपुर झिरका को नई सब्जी मंडी की सौगात देगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान मोतीलाल सैनी, उपप्रधान जैकम खान, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इधर, नगीना कस्बे में भी नई सब्जी मंडी के निर्माण को लेकर प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।

नशीले पदार्थों को आग के हवाले कर किया नष्ट

अंबाला, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। अंबाला पुलिस रेंज ने नशे के सौदागरों के खिलाफ धरपकड़ तेज कर रखी है। पिछले 6 महीनों के दौरान अलग-अलग ऑपरेशन्स में पकड़ी गई भारी मात्रा में नशे की खेप को आज नष्ट किया गया। इस मौके पर आईजी पंकज नैन समेत रेंज के सभी जिलों के कप्तान मौजूद रहे। अंबाला पुलिस रेंज के आईजी पंकज नैन की अध्यक्षता में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने 309 मामलों में जब्त की गई नशीली वस्तुओं को नष्ट किया।

अंबाला पुलिस ने आज कुल 309 मामलों से संबंधित नशीले पदार्थों को आग के हवाले कर नष्ट किया। इस अवसर पर आईजी पंकज नैन ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य न केवल नशे की सप्लाई को रोकना है, बल्कि नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ना भी है। पुलिस ने नशा तस्करों द्वारा अवैध कमाई से खड़ी की गई संपत्तियों को भी जब्त और ध्वस्त करने की कार्रवाई तेज कर दी है। आईजी ने युवाओं से अपील की है कि वे नशे की दलदल से दूर रहकर अपने भविष्य और हरियाणा के गौरव की ओर ध्यान दें। नशा एक ऐसी चीज है जिसे कंज्यूम करने का कोई फायदा नहीं है। इसका समाज और आपके स्वास्थ्य पर केवल नकारात्मक प्रभाव ही पड़ता है। हरियाणा वीरों और खेलों की भूमि रही है, हमें अपने बुजुर्गों से शिक्षा लेकर प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए।

अमेरिका के साथ ट्रेड डील किसान विरोधी : हुड्डा

फतेहाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। फतेहाबाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के यहां सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकार साथियों से बातचीत करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील को भी किसान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका से फीड आएगी और हमारे जानवरों को वहां की फीड दी जाएगी तो हमारे यहां का किसान बर्बाद हो जाएंगे। वैसे भी जिस अमेरिका ने भारत 18 परसेंट टैरिफ लगाया है, उसने बांग्लादेश पर 0 टैरिफ लगाया है। इस डील से अन्य किसानों के साथ कॉटन के किसानों पर भारी असर पड़ने वाला है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार में किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। अब खाद के कट्टे का वजन भी 50 से घटाकर 40 किलो किया गया है, जबकि रेट पहले जितना ही है। एमएसपी 24 फसलों पर देने का दावा भी झूठा है, हरियाणा में इतनी फसलें नहीं होतीं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से 2000 करोड़ से ज्यादा मुनाफा कमाया गया, लेकिन क्लेम नहीं मिलते, लोग बीमा छोड़ रहे हैं। अभी 10% तक मुआवजा नहीं दिया गया। हुड्डा ने बुजुर्गों की पेंशन काटने पर बोला कि अब सरकार 70 हजार पेंशन रिस्टोर करने का दाव कर रही है। जबकि पहले सरकार कह रही थी कि उसने किसी की पेंशन काटी ही नहीं। अगर काटी नहीं तो रिस्टोर क्यों की जा रही है? पेंशन के साथ साथ, चुनाव से पहले बनाए राशन कार्ड अब काटे जा रहे हैं, जो कि अपने आप में वोट चोरी है। हरियाणा में चुनाव के बाद करीब 14 लाख राशन कार्ड काटे गए हैं।

हरजोत सिंह बैंस ने माछीवाड़ा में अचानक किया निरीक्षण

6 अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस किए जारी

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी। शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के प्रति अपनी दृढ़ वचनबद्धता को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की तरफ से पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा माछीवाड़ा के सरकारी प्राथमिक स्कूल में किए गए अचानक निरीक्षण दौरान सामने आई गंभीर खामियों सम्बन्धित तत्काल और निर्णायक कार्यवाही की गई है। इस दौरे दौरान, पंजाब के शिक्षा मंत्री के सामने स्कूल प्रबंधन में कमियां आई और विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा के साथ जूझते देखा गया, जिसके चलते तुरंत सुधारात्मक उपाय किए गए। पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने बाद में छह अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए, जिनमें बी.आर.सी., मुख्य अध्यापक, एक

एसोसिएट अध्यापक, तीन ई.टी.टी. अध्यापक और एक आई. ई.ए.टी. अध्यापक शामिल हैं। लापरवाही या कोताही प्रति जीरो- सहनशीलता वाली पहुंच की पुष्टि करते शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने जोर देकर कहा कि शिक्षा भगवंत सिंह मान सरकार के लिए प्राथमिकता है और यह यकीनी बनाने के लिए हर स्तर पर जवाबदेही अनिवार्य है जिससे विद्यार्थियों को मानक शिक्षा मिल सके। इस लापरवाही पर सख़्त नाराजगी प्रकट करते स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा, " छोटी से छोटी लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों का भविष्य कलासरूमो में सृजित किया जा रहा है। मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की जाएगी। " जिक्रयोग्य है कि पंजाब के शिक्षा मंत्री की तरफ से शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड- डे मील और बुनियादी ढांचो की संभाल के मूल्यांकन के लिए सूबे भर के सरकारी स्कूलों का अचानक निरीक्षण किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने एक्स हैंडल पर अपने दौरे की एक क्लिप सांझी करते हुए कहाः " माछीवाड़ा साहिब के सरकारी स्कूलों का अचानक दौरा किया और शैक्षिक गुणवत्ता और समूचे कामकाज का जायजा लिया गया। हमारे लिए हमारे बच्चों की शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। आज इस प्राइमरी स्कूल के सभी अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। "

सत्य का प्रहरी आपके हाथ
सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

नेल्सन मंडेला से की प्रियंका चोपड़ा की तुलना, विन डीजल ने देसी गर्ल को सराहा

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ जल्द ही रिलीज होने वाली है। देसी गर्ल इस फिल्म के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। लॉस एंजेल्स में भी इस फिल्म का प्रीमियर हुआ। जिसमें हॉलीवुड एक्टर विन डीजल भी शामिल हुए। प्रीमियर पर उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को लेकर काफी कुछ कहा।

फिल्म द ब्लफ के लॉस एंजेल्स प्रीमियर में विन डीजल ने प्रियंका के नेचर को लेकर एक राज खोल दिया। वह कहते हैं, मैं आपको एक छोटा सा सीक्रेट बताने जा रहा हूं। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म में बहुत कमाल की हैं। उनमें जबरदस्त टैलेंट है। एक स्क्रीनिंग के दौरान यूरोप में उन्होंने मेरे बच्चों के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। हम दोनों एक ही दिन अपना जन्मदिन मनाते हैं। मैं चाहता हूं कि आप सिर्फ स्वर्गीय नेल्सन मंडेला के बारे में सोचें। इंटरनेशनल एक्टिविस्ट नेल्सन मंडेला, प्रियंका चोपड़ा और मैं, हम सब इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा और कार्ल अर्बन स्टारर द ब्लफ एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह 25 फरवरी 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। फ्रैंक ई फ्लावर्स के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक कैरिबियन महिला की कहानी है, जिसका सीक्रेट पास्ट तब सामने आता है जब समुद्री लुटेरे उसके आइलैंड पर हमला करते हैं। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने गजब का एक्शन भी किया है। प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म वाराणसी का हिस्सा हैं। वाराणसी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म 007 बॉन्ड सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है।

द 50 में नहीं थम रहा झगड़ों का सिलसिला

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। रिद्धिमा पंडित को टीवी सीरियल बहू हमारी रजनीकांत के जरिए खूब फेम मिला। इन दिनों वह रियलिटी शो द 50 में बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हाल ही में नॉमिनेशन टास्क के बाद रिद्धिमा का झगड़ा एक दूसरी प्रतियोगी से हो गया। द 50 के प्रोमो में एक्टर प्रिंस नरुला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर शख्स को फिनाले तक नहीं ले जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतियोगी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। इस दिव्या अग्रवाल ने एक प्रतियोगी का नाम लिया।

इस पर रिद्धिमा, दिव्या से बहस करने लगीं। वह कहती हैं कि यह हर कोई एक गैंग में भी अपना-अपना ग्रुप बनाकर चल रहा है। इसके अलावा रिद्धिमा ने दिव्या को कहा कि वह यहां की बॉस नहीं है, तो वह उनकी नहीं सुनेगी। यह एक अलग तरह का गेम शो होगा। इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हैं। शो में एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन जैसे कई लोग शामिल हैं। द 50 में युविका चौधरी, प्रिस नरुला, सपना चौधरी, दिव्या अग्रवाल, करण पटेल जैसे एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं।

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के बाद अलीबाग के लिए रवाना अनुष्का शर्मा

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अक्सर वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए आते हैं। कल मंगलवार 17 फरवरी को इस चर्चित जोड़ी को प्रेमानंद महाराज के आश्रम में देखा गया। दोनों ने वहां आम श्रद्धालुओं की तरह जमीन पर बैठकर सत्संग सुना। आज बुधवार 18 फरवरी को अनुष्का और विराट अलीबाग के लिए रवाना हो गए हैं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को संत प्रेमानंद जी महाराज के वृंदावन स्थित आश्रम में देखा गया था। वहीं, आज इस जोड़ी को उनके अलीबाग फार्महाउस की ओर जाते हुए देखा गया। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर दोनों को स्पॉट किया गया। इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अनुष्का ब्लैक ट्राउजर, व्हाइट शर्ट और ग्रीन स्वेटर में नजर आईं। वहीं, विराट कोहली ओवरशर्ट के साथ टी-शर्ट पहने दिखे। अनुष्का और विराट जब गुजरे तो उनकी एक झलक के लिए फैंस की भीड़ जुट गई।

अनुष्का शर्मा और विराट को वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से मिलने जाने के एक दिन बाद सार्वजनिक रूप से देखा गया है। बीते दिन की उनकी वृंदावन के संत के आश्रम से वायरल हुई तस्वीरों और वीडियो में दोनों को पूरे भक्ति भाव में डूबकर सत्संग में हिस्सा लेते देखा गया। वे आम श्रद्धालु की तरह ही दूसरे भक्तों के बीच जमीन पर बैठे। इस दौरान वे काफी शांत और भक्ति में लीन नजर आए।

बता दें कि अनुष्का और विराट पहले भी कई बार प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन जा चुके हैं। वे अक्सर आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए ब्रज की यात्रा करते हैं। इससे पहले कपल दिसंबर में वृंदावन गए थे, जहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी।

मलयालम फिल्म लोका 2 की स्क्रिप्ट पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया बड़ा अपडेट

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। पिछले साल मलयालम फिल्म लोका चैप्टर 1 ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने लोका 2 को लेकर बात की। वह कहती हैं, फिल्म लोका 2 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है।

इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म लोका का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा।

अक्षय कुमार ने जमकर की आरजे महवश की खिंचाई

कहा- एक करोड़ और अपनी किडनी भी दे दूंगा

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है। इस खास एपिसोड में 100 कंटेंट क्रिएटर्स नजर आएंगे, जिनमें आरजे महवश भी शामिल हैं। हाल ही में जारी प्रोमो में अक्षय कुमार, आरजे महवश की जमकर खिंचाई करते नजर आए।

दरअसल, महवश पजल को स्क्रीन पर आने से पहले ही सॉल्व करने की कोशिश कर रही थीं। इसे देखकर अक्षय ने मजाक में कहा, किसी का बाप नहीं सॉल्व कर सकताङ्ग जो सॉल्व कर देगा उसे मैं 1 करोड़ दूंगाङ्ग1 करोड़ छोड़ो, अपनी किडनी भी दे दूंगा। अक्षय की इस बात पर महवश और वहां मौजूद दर्शकों की हंसी झूट गई। महवश ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, इस दिन मेरे साथ जितना गलत हो सकता था, सब हुआ। एपिसोड देखना! हालांकि बाद में महवश ने स्टोरी पोस्ट कर लिखा, मेरी किस्मत में छेद लेकर गई थी मैं उस दिन। बिलकुल मत देखना ये एपिसोड! मजेदार बातचीत और अक्षय कुमार के मजाकिया अंदाज ने इस एपिसोड को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। अक्षय कुमार का गेम शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी चैनल पर प्रसारित होता है। इसके अलावा इसे सोनी लिव ऐप पर भी स्ट्रीम किया जा सकता है। शो में प्रतियोगियों को वर्ड पजल्स सॉल्व करने होते हैं और इसके बदले में उन्हें कैश प्राइज जीतने का मौका मिलता है।

नीना गुप्ता को पसंद नहीं आई थी सुभाष घई की बात, हो गई थीं आग बबूला

मुंबई, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। अभिनेत्री नीना गुप्ता की फिल्म वध 2 हाल ही में रिलीज हुई। इस फिल्म के लिए फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच अभिनेत्री ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सुभाष घई के साथ गाने की शूटिंग के दौरान हुए अपने अनुभव साझा किए। जानिए एक्ट्रेस ने क्या कहा?

शुभंकर मिश्रा को दिए एक इंटरव्यू में नीना ने अपने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने सेट पर हुए कड़वे अनुभव शेयर किए। ऐसी ही एक घटना याद करते हुए उन्होंने निर्देशक सुभाष घई और कॉस्ट्यूम डिजाइनर के बीच हुई बातचीत साझा की।

फिल्म खलनायक के गाने चोली के पीछे की शूटिंग के दौरान का किस्सा साझा करते हुए नीना ने बताया कि सुभाष ने उनके सामने डिजाइनर से एक अजीबो गरीब डिमांड की थी। उन्होंने डिजाइनर से नीना के आउटफिट्स में बदलाव करने के लिए कहा था जिससे नीना और आकर्षक दिखें। नीना ने कहा, उस समय मुझे यह सुनकर बहुत गुस्सा आया था और मुझे लगा था कि उनका ऐसा कहना गलत था। मगर अब मुझे लगता है कि वह बस अपना काम कर रहे थे। गाने में किरदार के लिए उनके मन में एक खास छवि थी और गाने की डिमांड को सुभाष जी ने साफ-साफ व्यक्त किया। 1993 में रिलीज हुई संजय दत्त और माधुरी दीक्षित अभिनीत फिल्म खलनायक में नीना ने चंपा नाम की डांसर का किरदार निभाया था। फिल्म में माधुरी के साथ उनका आइटम नंबर चोली के पीछे.. खूब चर्चित हुआ था।

क्रिकेट

पाकिस्तान सुपर-8 में पहुंचा, नामीबिया को 102 रन से हराया

कोलंबो, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। करो या मरो मैच में पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर टी20 विश्व कप में सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए 35वें ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और साहिबजादा फरहान की शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 17.3 ओवर में सिर्फ 97 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सके। इनमें लॉरेन स्टीनकैम्प और एलेक्जेंडर बसिंग शामिल हैं। दोनों ने क्रमशः 23 और 20 रन बनाए। वहीं, नौ बल्लेबाज 10 रन भी नहीं बना सके। पाकिस्तान के लिए इस मुकाबले में स्पिनर उस्मान तारिक ने चार विकेट लिए जबकि शादाब खान को तीन सफलताएं मिलीं। इसके अलावा सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। करो या मरो मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। साहिबजादा फरहान के तूफानी शतक की मदद से पाकिस्तान ने 199 रन बनाए हैं। अब नामीबिया को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य मिला है। इस मैच में साहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने पाकिस्तान को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी हुई। ब्रसेल ने अयूब को पवेलियन भेजा। वह 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फरहान को कप्तान सलमान आगा का साथ मिला। उन्होंने आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। आगा भी ब्रसेल का शिकार बने। वह 38 रन बना सके। टीम को तीसरा झटका इरेसमस ने दिया। उन्होंने ख्वाजा नफे को आउट किया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। चौथे विकेट के लिए फरहान और शादाब खान के बीच 81 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इस दौरान फरहान ने 57 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वहीं, शादाब 36 रन बनाकर नाबाद रहे। नामीबिया के लिए जैक ब्रसेल ने दो विकेट लिए जबकि गेरहार्ड इरेसमस ने एक सफलता अपने नाम की।

ग्रुप चरण खत्म होने से पहले ही तय हुई सुपर आठ की टीमें

नई दिल्ली, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। टी20 विश्व कप 2026 का ग्रुप चरण अब अपने अंतिम दौर में है, लेकिन इससे पहले ही सुपर आठ की सभी आठ टीमें तय हो गई हैं। सात टीमों पहले ही क्वालिफाई कर चुकी थीं, लेकिन अब नामीबिया को हराकर पाकिस्तान भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा है। 21 फरवरी से सुपर आठ दौर के मुकाबले शुरू होंगे और शीर्ष आठ टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ग्रुप ए की बात करें तो इस ग्रुप से भारत और पाकिस्तान ने अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया है। भारत ने अपने शुरूआती तीन मैच जीते, जबकि पाकिस्तान चार में से तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक लेने में सफल रही। वहीं, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया का सफर शुरूआती दौर में ही थम गया। नामीबिया ने अपने चारों मैच गंवाए। मौजूदा टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर ग्रुप बी में हुआ। इस ग्रुप से श्रीलंका और जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचे, जबकि आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ओमान ग्रुप चरण से ही बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया का शुरूआती दौर से ही बाहर होना सबसे हैरानी भरा रहा।

लगातार तीसरी बार शून्य पर आउट हुए अभिषेक शर्मा, टूर्नामेंट में अब तक नहीं खोल सके हैं खाता

अहमदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म नीदरलैंड के खिलाफ भी जारी रही। अभिषेक एक बार फिर खाता खोले बिना आउट हुए और सिर्फ तीन ही गेंद खेल सके। अभिषेक की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय बन गई है क्योंकि अब टीम को आगे कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मौजूदा टूनामेंट में अभिषेक अब तक खाता भी नहीं खोल सके हैं क्योंकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में अभिषेक शून्य पर आउट हुए थे, फिर पाकिस्तान के खिलाफ वह खाता नहीं खोल पाए थे और अब नीदरलैंड के खिलाफ भी उनका बल्ला खामोश ही रहा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्लेइंग 11 में दो बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुलदीप यादव की जगह अर्शदीप सिंह की वापसी हुई है। वहीं, अक्षर पटेल को इस मैच में आराम मिला है और उनकी जगह पहली बार इस विश्व कप में वॉशिंगटन सुंदर को एकादश में जगह मिली है। अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर रहे थे। अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती थे और लग रहा था कि वह पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। हालांकि, वह इस मैच से पहले स्वस्थ हो गए थे और प्लेइंग-11 में शामिल होने में सफल रहे थे। टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में दिख रहे अभिषेक का बल्ला टूर्नामेंट में खामोश ही चल रहा है। 22 फरवरी से भारत का सुपर आठ चरण में अभियान शुरू हो रहा है। अगले दौर में टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज का सामना करना है, ऐसे में अभिषेक का नहीं चलना टीम के लिए चिंता का विषय बन गया है।

अभिषेक पिछले कुछ समय से रंग में नहीं दिख रहे हैं। पिछली सात टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में उन्होंने एक अर्धशतक लगाया है। अभिषेक की पिछली सात पारियों की बात करें तो उन्होंने 0, 68*, 0, 30, 0, 0 और 0 रन बनाए हैं। यानी पिछली सात पारियों में अभिषेक के बल्ले से सिर्फ एक बार अर्धशतक निकल रहा है और कुल 98 रन ही बना सके हैं। इतना नहीं सात में से पांच बार तो वह खाता भी नहीं खोल सके हैं।

स्टार फुटबॉलर विनीशियस जूनियर के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार?

बेनफिका के फुटबॉलर्स पर लगाए गंभीर आरोप

मैड्रिड, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। ब्राजील के खिलाड़ी विनीशियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूनार्मेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीशियस ने दावा किया कि रियल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा, 'अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और इस मैच की रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है।' इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था, लेकिन सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी डेजायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। विनीशियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी।

उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा, 'उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताईं। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है।

किला रायपुर रूरल ओलंपिक्स 2026 के दूसरे दिन बैलगाड़ी दौड़ से गूंज उठा मैदान

12 साल बाद बैलगाड़ी दौड़ की वापसी एक ऐतिहासिक उपलब्धि : स्पीकर संधवा

लुधियाना, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी। किला रायपुर रूरल ओलंपिक्स के दूसरे दिन उत्साह की एक अनोखी लहर देखी गई, जब हजारों लोग, खासकर युवा, पंजाब की समृद्ध रूरल स्पोर्ट्स विरासत का जश्न मनाने के लिए ऐतिहासिक स्टेडियम किला रायपुर में इकट्ठा हुए।

दूसरे दिन के खेलों ने दर्शकों का मन मोह लिया क्योंकि 12 साल के गैप के बाद ऐतिहासिक बैलगाड़ी दौड़ की वापसी हुई, जो दर्शकों के ध्यान का केंद्र बन गई। स्टेडियम में बैठे दर्शकों/लोगों ने जोरदार जयकारों के साथ पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ का स्वागत किया। दर्शकों ने न सिर्फ. बैलगाड़ी दौड़ का जोश से समर्थन किया, बल्कि पारंपरिक खेलों और एथलेटिक मुकाबलों की एक मजेदार सीरीज का भी समर्थन किया। जिसमें हॉकी मैच, कबड्डी मुकाबलों, शॉट पुट थ्रो, 100 मीटर स्प्रिंट, टंग ऑफ वॉर मुकाबलों, लंबी कूद मुकाबलों, बाजीगर शो और कई दूसरे ग्रामीण एथलेटिक खेल शामिल थे। खेल का मैदान परिवारों, किसानों, युवा समूहों, राज्य और बाहर से आए दर्शकों से भरा हुआ था, जिससे एकता, उत्साह और सामुदायिक भावना का एक अनोखा माहौल बन गया।

उत्साही दर्शकों को संबोधित करते हुए, पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि बैलगाड़ी दौड़ का फिर से शुरू होना एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ है। यह उपलब्धि पंजाब प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (पंजाब अमेंडमेंट) एक्ट, 2025 और जानवरों की भलाई और सुरक्षा में शामिल सोचे-समझे कानूनी सुधारों से मुमकिन हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पारंपरिक खेल की वापसी से न सिर्फ. पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत बची रहेगी, बल्कि युवा पीढ़ी में पारंपरिक ग्रामीण खेलों के लिए एक नया जोश भी आएगा। उन्हें उम्मीद है कि ये खेल युवाओं को खेल के मैदानों की ओर वापस खींचेंगे और उन्हें ड्रग्स और मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल से दूर करेंगे। इससे पहले दिन में, पंजाब सरकार के स्टेट मीडिया हेड बलतेज पन्नू ने आयोजकों और दर्शकों की बड़ी भागीदारी की तारीफ की, जिससे ये खेल बहुत सफल हुए। उन्होंने बताया कि कैसे बैलगाड़ी दौड़ के फिर से शुरू होने से पूरे पंजाब में खेल की एक नई भावना आई है, जिससे ग्रामीण ओलंपिक किले रायपुर की शान ग्रामीण जोश और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक के तौर पर वापस आ गई है।

19 feb satyajay times c:29-dummy-1 2/18/2026 10:41 PM Page 8

Postal Registration no L-2/HR/FBD/290/24-26
सत्य का प्रहरी आपके हाथ सत्यजय टाईम्स हिंदी दैनिक

संक्षिप्त समाचार

छात्रों को लेखकों के उपन्यासों के बारे में दी जानकारी

बल्लभगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने एक उत्कृष्ट अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मणाव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट

ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद से सेवानिवृत्त प्रोफेसर ज्योति शर्मा ने "भारतीय डायस्पोरा उपन्यास" विषय पर अपनी विद्वतापूर्ण व्याख्यान दी। यह कार्यक्रम छात्रों को समकालीन साहित्यिक प्रवृत्तियों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

प्रोफेसर ज्योति शर्मा, जो पोस्टकोलोनियल साहित्य की विशेषज्ञ हैं, ने अपने व्याख्यान में सलमान रश्दी, झंपा लाहिरी और विक्रम सेठ जैसे प्रमुख लेखकों के उपन्यासों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रवास की चुनौतियों, पहचान के संकट और सांस्कृतिक संकरता जैसी महत्वपूर्ण थीम्स को उजागर किया, जो वैश्वीकरण के दौर में भारतीय लेखन को आकार दे रही हैं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में अपने सभी संदेह स्पष्ट किए, जिससे व्याख्यान और अधिक प्रभावी बना।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ का अंग्रेजी विभाग छात्रों को अंग्रेजी साहित्य के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार ऐसे उच्चस्तरीय व्याख्यान आयोजित करता रहता है। ये कार्यक्रम न केवल साहित्यिक ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सारिका कांजलिया ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि डॉ. इनायत चौधरी और मिस्टर सुभाष ने लॉजिस्टिक्स प्रबंधन तथा प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन कर सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन कॉलेज की साहित्यिक गतिविधियों की समृद्ध परंपरा को दशार्ता है।

कुलदीप यादव बने डीएचबीवीएन में एक्सईएन

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। समाजसेवी धर्मपाल यादव के बड़े बेटे कुलदीप यादव को बिजली विभाग में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कुलदीप यादव का डीएचबीवीएन में एक्सईएन पद पर प्रमोशन हुआ है। वर्तमान में वे सेक्टर-6 faridabad में SDO के पद पर कार्यरत हैं और एक कुशल एवं ईमानदार इंजीनियर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। धर्मपाल यादव का परिवार बल्लभगढ़ का एक पुराना और सम्मानित राजनीतिक परिवार रहा है। यह परिवार लंबे समय से राव बिहारी (यादव ऑयल मिल) वाले के नाम से जाना जाता रहा है। सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में इस परिवार की विशेष पहचान रही है। अहिरवाड़ा क्षेत्र में धर्मपाल यादव का परिवार एक शिक्षित और जागरूक परिवार के रूप में प्रतिष्ठित है। पहले भी उनके परिवार के कई सदस्य सरकारी सेवाओं में रहकर समाज और प्रदेश की सेवा कर चुके हैं। धर्मपाल यादव के दो अन्य बेटे दीपक यादव और शम्मी यादव भी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। पारिवारिक संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पण ने इस परिवार को विशेष पहचान दिलाई है। कुलदीप यादव का विवाह रेवाड़ी के पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास की सुपुत्री से हुआ है, जिससे दोनों प्रतिष्ठित परिवारों का संबंध और मजबूत हुआ है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, मित्रों और शुभचिंतकों ने कुलदीप यादव को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

अग्रवाल कॉलेज में पूर्व छात्रा व्याख्यान का आयोजन

बल्लभगढ़, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज के गणित विभाग ने बुधवार को बीएससी ऑनर्स मैथ्स और एमएससी मैथ्स के छात्रों के लिए लिमिटलेस बॉन्ड्स, इनफिनिट कनेक्शन विषय पर एक पूर्व छात्रा व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन को देवेन्द्र कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संभव बनाया गया। गणित विभाग के प्रमुख डॉ. के.एल. कौशिक ने जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल से सहायक प्रोफेसर मिस स्वाति का स्वागत किया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में गणितीय अवधारणाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक आकर्षक व्याख्यान दिया। इस सत्र में उन्होंने बताया कि कैसे गणितीय सिद्धांत पैटर्न, संबंधों और संरचनाओं को नियंत्रित करते है। छात्रों ने जानकारीपूर्ण सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया, विचारशील प्रश्न पूछे और कक्षा से परे गणित में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की।

प्रधानमंत्री कार्यालय से भी हो रही सीएक्यूएम की निगरानी : डी.एस. ढेसी

फरीदाबाद में 9वीं अंतर-एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित

अधिकारियों की बैठक लेते शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी.एस ढेसी।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल। शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी.एस ढेसी की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला फरीदाबाद में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर सीईओ एफएमडीए जे. गणेशन, एडीसी सतबीर मान और अन्य संबंधित विभागों व एजेंसी के अधिकारियों के साथ 9वीं अंतर-एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना, अमृत योजना, शहरी परिवहन, जलापूर्ति, सीवरेज नेटवर्क, आवास विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य शहरी आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में प्रधान सलाहकार डी.एस. ढेसी ने बताया कि CAQM को लेकर भारत सरकार ने प्रोएक्टिव भूमिका निभानी शुरू की है। पहले जहां यह संस्था केवल एडवाइजरी और डायरेक्टिव जारी करती थी, अब यह डिस्ट्रिक्ट और सिटी लेवल पर वन-टू-वन इंटरैक्शन के माध्यम से सक्रिय निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनीपत, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा जैसे शहरों ने अपने-अपने सिटी एक्शन प्लान तैयार कर लागू किए हैं। इसके साथ ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय स्तर पर भी मॉनिटरिंग हो रही है, विशेषकर प्रिवेंशन और पॉल्यूशन कंट्रोल के विषय में। बैठक में गांव फतेहपुर-चांदिला में चल रहे सड़क एवं सीवरेज निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि सीवरेज निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। साथ ही, प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का आवंटन किया जा चुका है तथा इसकी आधारशिला 20 जनवरी को रखी जा चुकी है और जो काम अलॉट किये गए है वो जल्द से जल्द पूरे कर लिए जायेंगे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 100 MM वाटर सप्लाई लाइन का कार्य प्रगति पर है और मार्च से पहले पूर्ण करने का लक्ष्य है। शेष रैनी वेल्स मार्च-अप्रैल तक चालू कर दिए जाएंगे। साथ ही माइक्रो-एसटीपी, रीयूज ऑफ वाटर और ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट पर विशेष फोकस किया जा रहा है। रीयूज किए गए ट्रीटेड वाटर का उपयोग रोड स्प्रिंकलिंग, ग्रीन बेल्ट और पार्क्स में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, चार और रैनी वेल्स दिसंबर तक तथा पाँच रैनी वेल्स वितरण नेटवर्क सहित 15 जून 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लंबित टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत फंडिंग, यूसी सबमिशन तथा पोर्टल अपडेट से जुड़े तकनीकी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। लंबित निधियों के प्रभावी उपयोग हेतु एक कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसमें ग्रीन बेल्ट विकास एवं रोड स्वीपिंग गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त अधिकारियों ने बताया कि मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की संख्या बढ़ाने की दिशा में कार्रवाई जारी है। ग्रेपके अंतर्गत दैनिक रिपोर्टिंग के साथ-साथ पेनल्टी एवं एक्शन रिपोर्ट्स नियमित रूप से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रेषित की जा रही हैं। बैठक में जेवरझ फरीदाबाद रोड परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि सड़क के एलिवेटेड हिस्से के लिए प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जेवर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के कार्य को जून-जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

देसी कट्टे सहित दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/वनिता। फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न शाखाओं ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टा बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 फरवरी को क्राईम ब्रांच ऊचा गांव की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हरिश वासी सुभाष कॉलोनी, फरीदाबाद को देशी कट्टा सहित सौतई पुल के पास से, क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने रोहित वासी कजरोट, अलीगढ हाल डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद को देसी कट्टा सहित सैनिक कॉलोनी मोड से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये हैं दोनों आरोपितों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

मक्का दाना चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कन्हैया लाल निवासी शंकर नगर, जिला आगरा ने पुलिस चौकी अनखीर में दी शिकायत में बताया कि 28 जनवरी को उसका ट्रक चालक लगभग 30 टन मक्का दाना छपारा (म.प्र.) से लोड कर पंजाब के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में चालक ने दो अज्ञात व्यक्तियों को सवारी के रूप में बैठा लिया।

30/31 जनवरी की रात चालक ने नींद आने पर गाड़ी को जमाई कॉलोनी के पास खड़ा कर दिया और सो गया। सुबह उठकर देखा तो ट्रक का तिरपाल हटाया हुआ था तथा करीब 17 टन मक्का दाना चोरी हो चुका था। साथ ही दोनों सवारी मौके से फरार थे। शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा AVTS-2 की टीम ने कार्रवाई करते हुए धर्मदेव निवासी फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली तथा आमिर निवासी बरालोकपुर, इटावा हाल निवासी फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे आगरा और मथुरा के बीच एक होटल से सवारी बनकर ट्रक में बैठे थे। रास्ते में उन्होंने ट्रक चालक व हेल्पर को नशीला पदार्थ मिलाकर खाने की वस्तु दी, जिससे उन्हें नशा हो गया और वे सो गए। इसके बाद आरोपी धर्मदेव ट्रक को चलाकर बड़खल एरिया स्थित एक गोदाम में ले गया, जहां करीब 17 टन मक्का दाना ट्रक से उतरवाया गया। बाद में ट्रक को गोदाम से निकालकर अजरौंदा के पास सड़क के किनारे खड़ा कर दिया गया। आरोपितों से लगभग 17 टन मक्का दाना बरामद कर लिया गया है, जिनको पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।

सरकार का रुख लघु उद्योग की तरफ रहा पॉजिटिव

लघु उद्योग भारती की मांगों पर मुख्यमंत्री की लगी मोहर

मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे लघु उद्योग भारती हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान। लघु उद्योग भारती हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर हरियाणा के नॉन-कन्फर्मिंग जोन (गैर-पुष्टि क्षेत्रों) में चल रही औद्योगिक इकाइयों को नियमित करने की मांगे रखी थी। जिसमें से हमारी 7 मांगों को प्रमुखता से बजट में रख भी लिया गया था। लेकिन जब पोर्टल लॉन्च किया गया तो उसमें काफी त्रुटियां नजर आई। जिसमें हमारी आशाओं के अनुरूप काफी सुधार किया जा रहा है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, हरियाणा सरकार ने 25 दिसंबर, 2025 को यह पोर्टल शुरू कर दिया है, जिससे लगभग 2 लाख सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को पंजीकरण और नियमित होने का अवसर मिलेगा। हमारी जो मांग थी कि 20-25 साल पुराने उद्योगों को, जो गैर-नियोजित क्षेत्रों में हैं, उन्हें नियमित कर वहां बुनियादी नागरिक सुविधाएं और बैंकिंग पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का रुख हमारे मांगों के प्रति पूरी तरह से पॉजिटिव है। सरकार के साथ हमारी लगातार बातचीत चल रही है। जल्द ही परिणाम सार्थक नजर आयेंगे। यह वक्तव्य लघु उद्योग भारती हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष शुभादेश मित्तल ने लघु उद्योग भारती फरीदाबाद एवं बल्लभगढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारियों के पद ग्रहण समारोह में रख रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शुभादेश मित्तल के अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश त्यागी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर शुभादेश मित्तल ने नवनियुक्त टीम फरीदाबाद और बल्लभगढ़ टीम की घोषणा की। लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के लिए अध्यक्ष अमृतपाल कोच्छड़, महासचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार भगत वहीं बल्लभगढ़ से पदभार के रूप में अध्यक्ष श्रीकांत दमानी, महासचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा के नामों की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने राकेश कुमार गुप्ता को गुरुग्राम और मानेसर का प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम में अध्यक्ष लघु उद्योग भारती फरीदाबाद आरके गुप्ता और बल्लभगढ़ अशोक कुमार चौधरी ने अपने दो साल के कार्यकाल में हुए विभिन्न उपलब्धियों को सदस्यों के समक्ष रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राकेश त्यागी सह प्रांत कार्यवाह हरियाणा आरएसएस ने अपने संबोधन में नवनियुक्त टीम फरीदाबाद और बल्लभगढ़ को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा माहौल सिर्फ आरएसएस या जुड़ी इकाइयों में ही देखने को मिल सकता है।

घर से आभूषण व नगदी चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल। फरीदाबाद अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने घर से आभूषण व नगदी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अक्षय निवासी एनआईटी व अब्जद उर्फ लाला निवासी संजय कॉलोनी, फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपक निवासी एनआईटी, फरीदाबाद ने पुलिस चौकी टाउन नं.-3 में शिकायत दी कि 12 फरवरी को वह किसी कार्य से अपने परिवार सहित घर से बाहर गया हुआ था। 14 फरवरी को जब वह वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ पाया तथा घर से नगदी व आभूषण चोरी पाए गए। शिकायत पर थाना SGM नगर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अक्षय शिकायतकर्ता का पड़ोसी है और उसे मालूम था कि शिकायतकर्ता के घर में आभूषण रखे हुए हैं। शिकायतकर्ता अपने परिवार सहित जब बाहर गया हुआ था तो मौका पाकर आरोपी ने अपने साथी अब्जद के साथ मिलकर घर का ताला तोड़ा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 7 अंगूठी, 4 चूड़ी, 2 मंगलसूत्र, 2 जोड़ी टोपस, 4 चैन, 2 कड़े, 1 कंठी तथा 22,000 रुपये नगद बरामद किए हैं। जिनको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आवश्यक जानकारी
सत्यजय टाईम्स में छपवाए अपने कोर्ट नोटिस
फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित **हिन्दी दैनिक सत्यजय टाईम्स डीएवीपी, रेलवे तथा हरियाणा सरकार** के साथ-साथ **पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़** की विज्ञापन सूची में शामिल **हिन्दी दैनिक** है जिसमें आप अपने न्यायालयों से संबंधित नोटिस भी प्रकाशित करा सकते है।
सत्य का प्रहरी आपके हाथ सत्यजय टाईम्स Satyajay Times
संपर्क करें :- विज्ञापन प्रबंधक, मो.9643311765 9811232533, 0129-4042533 Email : satyajaytimes@gmail.com.

सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए सुनिश्चित : प्रवीण बत्रा जोशी

कहा- नागरिकों की शिकायतों का त्वरित किया जाए समाधान

फरीदाबाद विधानसभा 89 क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करतीं मेयर प्रवीण बत्रा जोशी।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

फरीदाबाद। विधानसभा 89 क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों एवं अन्य मुद्दों की समीक्षा हेतु आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मेयर कैंप कार्यालय पर किया गया।

बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने की। इस अवसर पर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, स्पेशल ऑफिसर सेनिटेशन असवीर सिंह,मुख्य अभियंता, संबंधित कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता (सिविल, विद्युत एवं बागवानी) सहित 89-विधानसभा क्षेत्र के पार्षदगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में 89-विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र से संबंधित जनसमस्याओं, स्वच्छता व्यवस्था, सीवरेज, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी एवं बागवानी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी बरसात के मौसम में कई स्थानों पर भरने वाले पानी की निकासी का भी उच्चित प्रबंध करने के निर्देश मेयर प्रवीण बत्रा द्वारा दिए गए हैं। फ्लड से सम्बंधित सभी कार्य को समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि नागरिकों को बरसात में सड़कों से आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि संबंधित विभागों द्वारा एजेंडा बिंदुओं पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति दी जा सके।

सत्यजय टाईम्स सेल्फी कॉर्नर

समवेद जैन (फरीदाबाद)

महेन्द्र शास्त्री (वृन्दावन)

राजेंद्र (पलवल)

अनिल गर्ग (पलवल)

आप भी यदि इस कॉलम में अपना फोटो प्रकाशित कराना चाहते हैं तो उठाइए अपना मोबाइल फोन और आप अपने घर पर जो भी नया कर रहे हैं उसकी सेल्फी लें और भेज दें हमें नीचे लिखे व्हाट्सएप नंबर पर।
9811016963

पलवल में सत्यजय टाईम्स पत्र प्राप्त करने व विज्ञापन हेतु संपर्क करेः- कमेटी चौक, वार्ड नंबर-19, अरियन हॉस्पीटल के पीछे, मकान नंबर-237, **लक्ष्मण शर्मा**- 8295307492, **कपिल शर्मा**-98965 82968

होड़ल में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए संपर्क करें- अग्रवाल न्यूज एजेंसी
सम्पर्क सूत्र - **अमित अग्रवाल** 9254588483

नूहं जिले में दैनिक सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र प्राप्त करने एवं दैनिक सत्यजय टाईम्स में कोर्ट नोटिस, खोया पाया, बेदखली व अन्य प्रकार के विज्ञापन छपवाने के लिए संपर्क करें, जुबैर खान, नूंह बिजली बोर्ड के सामने, ऑफिस नूंह 9813631877, 8059131877 नूंह मेवात

सोहना में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र में समाचारों के लिए संपर्क करें- **अशोक गर्ग** -9354135063

दिल्ली ब्यूरो कार्यालय मकान नम्बर 304 गली नम्बर 5 मूगा नगर, करावल नगर रोड़ दिल्ली 94

यदि आप भी अपने किसी प्रियजन स्वजन को किसी भी प्रकार का कोई संदेश फोटो के साथ देना चाहते हैं, तो सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक इसमें आपका सहयोग करने को तैयार है, आप अपना संदेश अपने नाम व फोटो सहित हमें 7838364763 नंबर पर व्हाट्सएप करें। हम उसको सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक में प्रकाशित करेंगे।

संपादकीय कार्यालय
खबरों व विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
5आर-1 (प्रथम तल) नियर एच.डी.एफ. सी. बैंक बी.के. चौक एनआईटी फरीदाबाद।
मोबाईल नं-9811232533, 0129-4042533

स्वत्वाधिकारी (मुद्रक, प्रकाशक व मालिक) रूपेश कुमार बंसल द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस डी-85 सैक्टर-6 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उत्तर-प्रदेश 201301 से मुद्रित कर मकान नम्बर- 35/ए न्यू कालोनी, रेलवे रोड़ (भाटिया क्रेन वाली गली) फरीदाबाद 121001 (हरियाणा) से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-विजय चौहान* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।